संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -274 शनिवार, 05 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मोदी सरनेम वाले मामले में एससी से राहुल को मिली राहत

## घर भी मिलेगा और 133 दिन बाद सांसदी भी होगी बहाल

» सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम वाले मामले पर राहुल को राहत देते हुए कहा...सजा का असर राहुल ही नहीं, वोटर्स पर भी पड़ा



नई दिल्ली,04 अगस्त 2023 (ए)। सरकारी कोठी से बेदखल होने के साथ ही संसद की सदस्यता भी खो चुके राहुल गांधी को आखिरकार 133 दिन बाद न्याय मिल ही गया। उन्होंने निचली दोनों अदालतों से निराश होकर सप्रीम कोर्ट पहुंचे और वो आखिरकार बड़ी राहत के हकदार भी बनें। राहुल की याचिका पर आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायलय ने कहा- सजा का असर राहुल ही नहीं, वोटर्स पर भी पड़ा है। इससे साफ हो जाता है कि अब राहुल की सजा पर 133 दिन बाद रोक लगाने के फैसले के बाद उनकी सांसदी बहाल होगी और घर भी मिलेगा।

### सुप्रीम फैसले में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी

हम जानना चाहते हैं कि जज ने अधिकतम सजा क्यों दी। ट्रायल जज को फैसले में बताना चाहिए था कि उन्होंने अधिकतम सजा क्यों दी। अगर जज ने 1 साल 11 महीने की सजा दी होती तो राहुल गांधी को डिसक्वालिफाई नहीं किया जाता। अधिकतम सजा के चलते एक लोकसभा सीट बिना सांसद के रह जाएगी। यह सिर्फ एक व्यक्ति के अधिकार का ही मामला नहीं है, ये उस सीट के अधिकार का ही मामला नहीं है, ये उस सीट के वोटर्स के अधिकार से भी जुड़ा मसला है। वोटर्स के इस बात में कोई शक नहीं कि भाषण में जो भी कहा गया, वह अच्छा नहीं था। नेताओं को जनता के बीच बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। यह राहुल गांधी का कर्तव्य बनता है कि इसका ध्यान रखें।

### राहुल के लिए इस फैसले से दो अहम बातें होंगी

सुप्रीम कोर्ट से राहत भरे फैसले के बाद अब राहुल गांधी की सांसदी फिर से बहाल होगी और वो मौजूदा सत्र में शामिल हो सकेंगे। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल चाहें तो चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल को फिर से बतौर सांसद मिलने वाला सरकारी घर मिल जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को फैसले में कहा, 'जब तक राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी।' सुनवाई की नई तारीख अभी नहीं बताई है।

### तीन जजों की बेंच ने सुना पूरा प्रकरण

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में राहुल का प्रकरण है। 21 जुलाई को पहली सुनवाई में जस्टिस गवई ने कहा कि उनके पिता कांग्रेस से जुड़े हुए थे और भाई भी कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। ऐसे में उनके सुनवाई करने से किसी पक्ष को कोई आपत्ति तो नहीं है। इस पर दोनों पक्षों ने कहा कि उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है।

### राहुल और पूर्णेश मोदी के वकील ये हैं

शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी की तरफ से महेश जेठमलानी और राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी हैं। कोर्ट ने कहा शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का असली सरनेम मोदी नहीं है। उन्होंने ये सरनेम बाद में अपनाया है। राहुल की सजा पर रोक,सुको ने पूछा- अधिकतम सजा क्यों दी?

### सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम केस में राहुल की सजा पर रोक

23 मार्च 2023 को मानहानि केस में सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद राहुल की सांसदी चली गई थी। 15 जुलाई को राहुल ने सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि केस में राहुल गांधी की 2 साल की सजा पर शुक्रवार को रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं कि जो भी कहा गया, वह अच्छा नहीं था। नेताओं को जनता के बीच बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। यह राहुल गांधी का कर्तव्य बनता है कि इसका ध्यान रखें।

### भूपेश ने कहा राहुल की जीत इंडिया की जीत है

मोदी सरनेम विवाद पर राहुल गांधी को बड़ी राहत मिलने के बाद कांग्रेस में ख़ुशी का माहौल ही। इस फैसले और राहुल की जीत की ख़ुशी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है।
बघेल ने सोशल मिडिया में ट्वीट कर कहा है कि अंधकार चाहे भारी हो और समंदर पार हो, सदा उजाला विजित हुआ है, अगर सत्य आधार हो राहुल गांधी की सजा पर रोक के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भारत स्वागत करता है।
सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फौरी राहत दी है। फिलहाल जब तक मामला अदालतों में विचाराधीन है तब तक राहुल गांधी को दी गई सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है।
भूपेश बघेल ने कहा है कि सजा पर रोक के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भारत स्वागत करता है। सत्यमेव जयते, यह इंडिया की जीत है। श्री बधेल के अलावा और भी कांग्रेस नेता इस मामले पर ट्वीट कर राहुल गांधी को बधई दे रहे हैं और फैसले को सत्य की जीत बता रहे हैं।

# हरियाणा के 5 जिलों में 93 एफआईआर,176 गिरफ्तारियां

» पुलिस के रडार पर 2300, तनाव फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की



नूह ,04 अगस्त 2023 (ए)। हरियाणा में हिंसा के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। अब तक 5 जिलों में 93 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 176 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अकेले नूह में 46 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा नूह के पुलिस अधिकारी वरुण सिंगला का भी तबादला कर दिया गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित 2300 वीडियो की पहचान की है। पुलिस का मानना है कि इन वीडियो ने हिंसा भड़काने में अहम भूमिका निभाई।पुलिस ने इस मामले में 7 एफआईआर दर्ज की हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर पुलिस ने धारा-153, 153ए, 295ए, 298, 504, 109 और 292 के तहत एफआईआर दर्ज की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि शायर गुरु घंटाल नाम का अकाउंट कौन चला रहा था। पुलिस करीब 2,300 ऐसे वीडियो की जांच कर रही है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि इनसे हिंसा फैली है।

### नूह में जुलूस के दौरान हिंसा भड़क उठी

31 जुलाई को हरियाणा के मेवात-नूह में ब्रिज मंडल यात्रा निकाली गई। इसी दौरान यात्रा पर पथराव किया गया। सैकड़ों कारों को आग के हवाले कर दिया गया। साइबर थाने पर भी हमला किया गया। हमलावरों ने पुलिस पर भी हमला किया। स्नान के बाद सोहना में पथराव और फायरिंग भी हुई। गाडिय़ाँ जला दी गई। इसके बाद हिंसा की आग नूंह से लेकर फरीदाबाद-गुरुग्राम तक फैल गई। नूह हिंसा में दो होम गार्ड समेत छह लोग मारे गए हैं।

# उत्तराखंड रुद्रप्रयाग गौरीकुंड में भारी भूस्खलन

» रुद्रप्रयाग में भूस्खलन, मलबे में फंसे 13 लोग



रूद्रप्रयाग ,04 अगस्त 2023 (ए)। रुद्रप्रयाग जिले में भूस्खलन हुआ है। गौरीकुंड में पिछले कुछ समय से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण मकान ढहने से करीब 13 लोग मलबे में फंस गए हैं। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने के कारण रेस्क्यू टीम को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रुद्रप्रयाग पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ समेत कई टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं, लेकिन अभी तक लापता लोगों की पहचान नहीं हो पाई है।रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड में गुरुवार शाम से बारिश हो रही है। देर रात को और बारिश हुई। भारी बारिश के कारण पहाड़ पर दरार पडऩे से दो दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयीं। दुकान में काम कर रहे करीब 13 लोग मलबे में दब गये। भूस्खलन की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।भूस्खलन की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि भारी बारिश के कारण रात में दुकानों में रहने वाले नागरिकों को बचाया नहीं जा सका। इनमें से कुछ लोग स्थानीय हैं और कुछ नेपाल के हैं।




# सुप्रिया ने कहा-महाराष्ट्र में सत्ता में शामिल होते समय आपके आरोप कहां गए ?

» चार साल हो जाने के बावजूद वहां चुनाव नहीं हुए, कोई चुनी हुई सरकार नहीं है

नई दिल्ली,04 अगस्त 2023 (ए)। बीजेपी जानबूझकर वंशवाद का जिक्र करती है। लेकिन जब एनडीए की बैठक होती है, तो आप इस तथ्य को नहीं छिपा सकते कि वंशवाद की उपज वाले कई नेता उस बैठक में शामिल होते हैं, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने लोकसभा में कहा हालाँकि मैं स्वयं वंशवाद की उपज हूँ, मैं प्रतिभा-शरद पवार की बेटी हूँ। सुप्रिया सुले ने हॉल में कहा कि मुझे इस बात का गर्व है।
आम आदमी पार्टी ने एक बार हमारी आलोचना की थी। हम सहमत है लेकिन भाजपा नेता मेरे निर्वाचन क्षेत्र में आए और राकांपा की स्वाभाविक रूप से भ्रष्ट पार्टी के रूप में आलोचना की। सुप्रिया सुले ने पूछा जब एनसीपी विधायकों को महाराष्ट्र में सत्ता में लाया गया तो ये आरोप कहां चले गए? बीजेपी को इन आरोपों के लिए एनसीपी से माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किया गया। इस बिल का एनसीपी ने कड़ा विरोध किया था। इस अवसर पर बोलते हुए, विधेयक असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और सहकारी संघवाद के खिलाफ था। उन्होंने कहा, भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में केंद्रीय नियंत्रण सही शब्द नहीं है। बीजेपी की ओर से इस शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई। सुप्रिया सुले ने कहा कि यह सच है कि बीजेपी ने हर चुनावी घोषणापत्र में दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया है। एक तरफ दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा करना और दूसरी तरफ दिल्ली की चुनी हुई सरकार पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए विधेयक लाना, यह दोहरा रवैया है क्योंकि वहां की सत्ता हमारे हाथ में नहीं है। सुप्रिया सुले ने कहा कि या तो बीजेपी अपने चुनाव प्रचार में झूठ बोल रही है या अब लोकतंत्र के मंदिर में झूठ बोल रही है, उन्हें दिल्ली की जनता को जवाब देना होगा।

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका



### ज्ञानवापी परिसर में जारी रहेगा सर्वे

नई दिल्ली,04 अगस्त 2023 (ए)। देश की शीर्ष अदालत से आज मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है और कोर्ट ने वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कराने के हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की दलील खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि एएसआई सर्वे से सच सामने आएगा। हाई कोर्ट ने एक दिन पहले गुरुवार को ज्ञानवापी में सर्वे कराए जाने के निचली अदालत के फैसले पर मुहर लगाते हुए सर्वे की अनुमति दे दी थी।कोर्ट ने कहा कि सर्वे गैर आक्रामक तरीकों से होना चाहिए।ॅस्ढ्ढ ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खुदाई और संरचना को बिना कोई नुकसान पहुंचाए पूरा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि सर्वे होने दीजिए। रिपोर्ट को बंद लिफाफे में जमा होने दीजिए। ज्ञानवापी परिसर को 4 ब्लॉक में बांटा गया है। चारों तरफ कैमरे लगाए हैं। वीडियोग्राफी की जा रही है। ज्ञानवापी की पश्चिमी दीवार पर सबसे ज्यादा फोकस है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को छ.ग.पुलिस ने अंबिका लाज से किया गिरफ्तार

» मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हुई दर्जनों चोरियों का होगा खुलासा



-अरविंद द्विवेदी-
अनूपपुर,04 अगस्त 2023(घटती-घटना)। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बेखौफ चोरी को अंजाम देने वाले गिरोह को बिलासपुर की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एससीसीयू) व थाना सिविल लाइन द्वारा कोतमा के अंबिका लाज (भारती लाज) से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों पर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सहित अन्य राज्यों पर चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। कोतमा से गिरफ्तार किए गए आरोपियों द्वारा कोतमा के ही एक्सिस बैंक से चोरी किए हुए सोने से लोन लेकर उन पैसों को अन्य बैंक पर जमा करवाया गया था। विगत 3 दिनों से बिलासपुर की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट द्वारा जांच पड़ताल कोतमा में की जा रही थी जहां अंबिका लाज में आरोपी कई महीने से डेरा जमा हुए थे। जिसके बाद गहन पूछताछ और सबूतों के माध्यम से अंबिका लाज से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसके बाद एक्सिस बैंक में लोन के लिए रखा हुआ सोना बिलासपुर की सिविल लाइन पुलिस ने बरामद किया है इसके साथ ही मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के कई जिलों से की गई चोरी में आरोपियों के सम्मिलित होने का खुलासा भी बिलासपुर पुलिस द्वारा किया गया है।

### पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार एक फरार

कोतमा के अम्बिका लॉज से एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट बिलासपुर और सिविल लाइन पुलिस द्वारा 5 आरोपी जिसमे सोनू साहू पिता गोले साहू उम्र 26 वर्ष सा. ग्राम गढ़ी थाना कोतमा जिला अनूपपुर, लक्की शर्मा पिता बालकृषण शर्मा उम्र 29 वर्ष सा. ग्राम चैनपुर थाना मनेन्द्रगढ़ हाल मुकाम कोतमा जिला अनूपपुर (मप्र), अजय मांझी पिता शिवप्रसाद माझी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनूपपुर (मप्र), विनोद यादव पिता पूरन लाल यादव उम्र 19 वर्ष सा. निगवानी थाना कोतमा जिला अनूपपुर (मप्र), नीरज कोल पिता भैयालाल कोल उम्र 19 वर्ष सा. निगवानी थाना कोतमा जिला अनूपपुर (मप्र) को गिरफ्तार किया है वही एक आरोपी शिवम मानिकपुरी फरार है। चोरी की घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज को सोशल मिडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों में भेजा गया जिसके माध्यम से मनेंद्रगढ़ जिले के आरक्षक प्रमोद यादव के द्वारा उक्त शातिर चोर गिरोह का पहचान किया गया था। जिसके बाद बिलासपुर पुलिस द्वारा कोतमा से आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### 10 लाख से ज्यादा कीमत का सामान बरामद

बिलासपुर पुलिस द्वारा कोतमा से गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से लगभग 10 लाख रुपये से ज्यादा का मशरूका बरामद किया है जिसमे लगभग 170 ग्राम सोने के आभूषण, एक किलो चांदी के आभूषण, नगदी रकम 70000 रू, दो नग मोटर सायकल, एक एलईडी टीवी, गोल्ड लोन से प्राप्त 1,40,000 रू एचडीएफसी बैंक में फीज, चोरी करने में प्रयुक्त रॉड नुमा औजार एवं पेचकस बरागद किया गया है। जिसमे कुल मशरूका लगभग 10 लाख रुपये बरामद किया गया है। आरोपीगण चोरी का माल खपाने बैंक में गोल्ड लोन लेते थे। बिलासपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी गण के खिलाफ अपराध क्रमांक 722/ 23 धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. अपराध क्रमांक 719/23 धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. के तहत मध्य प्रदेश के कटनी, शहडोल के सोहागपुर थाना सहित छत्तीसगढ़ पुलिस थाने में मामला पंजीबद्ध है जिन पर कार्रवाई की गई है।

### चोरी किये हुए सोने के बदले प्राइवेट बैंक से लेते थे लोन

मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के दर्जनों जिले में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरी के सामान दिन में सोना और चांदी जो मिलता था उसे चोरों द्वारा कोतमा स्थित ऐक्सिस प्राइवेट बैंक में जमा कर सोने और चांदी के बदले में लोन प्राप्त कर लिया जाता था और उक्त राशि को दूसरे प्राइवेट बैंक में जमा कर दिया जाता था। उक्त मामले का खुलासा तब हुआ जब गुरुवार की देर शाम कोतमा के अंबिका लाज से चोरी के आरोपी को पकड़कर पूछताछ की गई। बिलासपुर पुलिस द्वारा एक्सिस बैंक से चोरी के सोने को बरामद कर लिया है वही अन्य प्राइवेट बैंक पर जमा राशि की भी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि पूर्व में उक्त व्यक्तियों द्वारा कोतमा कन्या शासकीय स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया गया था जिस पर कोतमा पुलिस ने मामूली सी धारा लगाकर उक्त आरोपियों को शह देने का कार्य किया था।

### कई राज्यों में आरोपियों पर दर्ज हैं दर्जनों मामले

उसलापुर में चोरी करने के बाद कोतमा में छुपे आरोपियों से पूछताछ पर खुलासा हुआ कि चोरी से प्राप्त सोने के आभूषणो को एक्सिस बैंक से गोल्ड लोन लेना तथा अपने दो अन्य साथी मनीष कोल एवं विनोद यादव के नाम पर एक्सिस बैंक से गोल्ड लोन लिया था तथा कुछ रूपये को आपस में बांट लेना बताया गया। आरोपीयों की निशानदेही पर एक्सिस बैंक से चोरी किये गये सोने के आभूषणों को जप्त किया गया है। आरोपीयों ने पूर्व में मध्यप्रदेश के कटनी, शहडोल, अमलई थानों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है जिस पर थाना कटनी में अपराध कमांक/2023 धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. थाना सोहागपुर शहडोल में अपराध कमांक 317/2023 धारा 457, 380, 34 मा.द.वि. पंजीबद्ध है। प्रकरण के आरोपी सोनू साहू के विरूद्ध थाना कोतमा, बिजुरी, मनेन्द्रगढ़ एवं आरपीएफ में चोरी के 10 अपराध तथा लक्की उर्फ सोनू शर्मा के विरूद्ध थाना मनेन्द्रगढ़, बिजुरी, कोतमा में चोरी के 8 अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी सोनू साहू एवं लक्की शर्मा दोनो आरोपी वर्ष 2019 में थाना सिविल लाईन के अपराध क्रमांक 106/19 धारा 457,380 भादवि के अपराध में न्यायालय के समक्ष चालान पेश हो चुके हैं।



# इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

पटना ,04 अगस्त 2023 (ए)। पटना हवाई अड्डे से दिल्ली जा रही इंडिगो के एक विमान को शुक्रवार को उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इंजन में गड़बड़ी का पता चलने के बाद पायलट ने विमान को वापस सुरक्षित उतार लिया।
इस विमान के सभी यात्री सुरक्षित बताए जाते हैं। पटना जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6ई 2433 ने उड़ान के कुछ ही मिनटो के बाद इंजन में गड़बड़ी की सूचना दी। इस दौरान विमान के यात्री सहम गए लेकिन विमान को तत्काल वापस पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतारा गया।
एयरपोर्ट पर अन्य सभी विमानों के परिचालन सामान्य हैं। इस फ्लाइट में करीब 180 यात्री सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित बताए जाते हैं।

## संपादकीय

### भोथरी हो गई संवेदना?

क्या यह आहत करने वाली बात नहीं है कि जिस देश का मीडिया अपने प्रेम संबंध के कारण भारत या पाकिस्तान चली जाने वाली किसी महिला के मामले में अनगिनत दिन चुस्की भरी चर्चाओं में गुजार देता है, उसके लिए लाखों लड़कियों का गायब होना एक सामान्य सुर्खी होता है?

पहली बार ऐसी खबर नहीं आई है। फिर भी यह ऐसी है, जिससे हर भारतीय मन को व्यग्र हो जाना चाहिए। यह खबर ये सवाल उठाती है कि क्या सचमुच भारत एक ऐसा सभ्य समाज है, जहां मानवीय गरिमा की चिंता की जाती है? ये आंकड़ा सरकार ने संसद में दिया है कि 2019 से 2021 के बीच देश में 13 लाख दस हजार लड़कियां गायब हो गई। हम अनुमान लगा सकते हैं कि ऐसे बहुत से मामले सरकारी एजेंसियों के पास दर्ज नहीं कराए गए होंगे। यह लापता होने वाली वास्तविक लड़कियों की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। वैसे अगर सरकारी आंकड़ों को ही लेकर चलें, तो औसतन साढ़े छह लाख लड़कियां इस देश में हर साल गायब हो जाती हैं और फिर उनका कभी कोई अता-पता नहीं चलता। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2019-21 की अवधि में जो लड़कियां गायब हुई, उनमें 10 लाख 61 हजार से अधिक बालिग उम्र की थीं। बाकी लगभग ढाई लाख नाबालिग थीं।

यहां यह स्पष्ट कर लेना जरूरी है कि ये वो लड़कियां नहीं हैं, जो परिवारों में स्वास्थ्य, पोषण और अन्य उपेक्षाओं के कारण मृत्यु का शिकार हो जाती हैं। ये वो लड़कियां हैं, जिन्हें या तो किसी संगठित गिरोह ने चुरा लिया या फिर रहस्यमय ढंग से कहीं चली गई। यह अंदाजा भी लगाया जा सकता है कि इनमें बड़ी संख्या उनकी होगी, जिन्हें देह-व्यापार में धकेल दिया गया होगा। उनमें से अनेक को मानव तस्करों ने विदेश भेज दिया होगा। क्या यह विवेक को आहत करने वाली बात नहीं है कि जिस देश का मीडिया अपने प्रेम संबंध को कारण पाकिस्तान से भारत या भारत से पाकिस्तान चली जाने वाली किसी महिला के मामले में अनगिनत दिन चुस्की भरी चर्चाओं में गुजार देता है, उसके लिए लाखों लड़कियों का गायब होना महज एक दिन की सुर्खी होता है? और मंत्री भी संसद में सामान्य सूचना की तरह ऐसी जानकारियां देते हैं, जिसे वहां मौजूद तमाम राजनेता आम बात के रूप में ग्रहण करते हैं? स्पष्टतः यह भारतीय समाज की भोथरी होती चली गई संवेदना की ही एक मिसाल है।

# अधिभार (ओवरबर्डन) से रेत का उत्पादन : कचरे से कंचन

### कोयला मंत्रालय के तहत कोयला एवं लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा एक अनूठी पहल

भले ही अपने उपभोक्ताओं के लिए कोयला/ लिग्नाइट का उत्पादन और वितरण करने का ही शासनादेश हो, फिर भी कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला और लिग्नाइट सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने लीक से हटकर ओवरबर्डन से बहुत कम कीमत पर रेत का उत्पादन करने वाली एक अनोखी पहल की है। इस पहल से न केवल ओवरबर्डन के कारण रेत गाद से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिल रही है, बल्कि निर्माण के लिए सस्ती रेत प्राप्त करने का विकल्प भी मिल रहा है। कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में रेत का उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है और अगले पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), नैवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएलसीआईएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) में रेत के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा चुका है।

कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सिलिका सामग्री के साथ मिट्टी, जलोढ़ रेत और बलुआ पत्थर शामिल होते हैं। नीचे से कोयला निकालने के लिए ओवरबर्डन को हटा दिया जाता है। बाद में, कोयला निष्कर्षण पूरा होने पर, भूमि को उसका मूल आकार प्रदान करने के लिए ओवरबर्डन का उपयोग बैकफिलिंग के लिए किया जाता है। ऊपर से ओवरबर्डन निकालते समय, मात्रा का स्वेल फैक्टर 20-25 प्रतिशत होता है। इस ओवरबर्डन को परंपरागत रूप से अपशिष्ट या बोझ माना जाता है



और अक्सर इसके संभावित मूल्य को पहचाने बिना इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। हालांकि, सतत् अभ्यास और सर्कुलर इकोनॉमी पर बढ़ते फोकस के साथ, ओवरबर्डन के लिए वैकल्पिक उपयोग की खोज करने और इसे कचरे से कंचन में बदलने की दिशा में बदलाव आया है।

प्रथम पहल

इस तरह के रूपांतरण की पहली व्यावसायिक पहल सीआईएल की सहायक कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने 2016-17 के दौरान अपनी खदान में की थी। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के भानेगांव खदान में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जहां विभाग की ओर से स्थापित की गई मशीनों के जरिए रेत निकाली जाती थी। इस मशीन की क्षमता 300 घन मीटर प्रतिदिन थी। निकाली गई रेत का गहन परीक्षण किया गया और अंततः उसे नदी तल से मिलने वाली रेत से बेहतर पाया गया। इसकी कीमत लगभग 160 रुपये प्रति घन मीटर थी, जो बाजार की तत्कालीन कीमत का लगभग 10 प्रतिशत थी। यह रेत प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत कम लागत वाले घर बनाने के लिए नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट को दी गई थी। इसके अलावा दो और विभागीय पहल भी शुरू की गई। पायलट परियोजनाओं की सफलता पर, डब्ल्यूसीएल ने नागपुर के पास गोंडेगांव खदान में देश के सबसे बड़े रेत उत्पादन संयंत्र को चालू करके रेत का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। यह इकाई बाजार मूल्य से लगभग आधी कीमत पर प्रतिदिन 2500 घन मीटर रेत का उत्पादन करती है।

सरकारी इकाइयों के साथ साझेदारी और स्थानीय बिक्री

नागपुर के सबसे बड़े रेत उत्पादक संयंत्र से उत्पादित रेत का बड़ा हिस्सा बाजार मूल्य के एक तिहाई पर एनएचएआई, एमओआईएल, महा जेनको जैसी सरकारी इकाइयों और अन्य छोटी इकाइयों को दिया जा रहा है। बाकी रेत को बाजार में खुली नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी सस्ती कीमत पर रेत मिल रही है।

### कचरे से कंचनः एक आदर्श बदलाव

ओवरबर्डन, जिसे कभी अपशिष्ट या बेकार पदार्थ समझा जाता था, अब उसे एक मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। रेत प्रसंस्करण इकाइयां भी जबरदस्त रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में स्थानीय आबादी न केवल उत्पादन इकाई में, बल्कि ट्रकों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक रेत को ले जाने के लिए उसकी लोडिंग और आपूर्ति जैसी कार्यों में शामिल हो रही है।

### विस्तार की योजनाएं और समाज पर प्रभाव

इस सकारात्मक दृष्टिकोण और ओवरबर्डन के वैकल्पिक उपयोग की खोज के एक भाग के रूप में, सीआईएल ने देश के पूर्वी और मध्य भाग में अपनी सहायक कंपनियों में कई ओवरबर्डन प्रसंस्करण संयंत्र और रेत उत्पादन संयंत्र चालू किए हैं।

इस स्थायी प्रयास के हिस्से के रूप में, कोयला सार्वजनिक उपक्रम में ओवरबर्डन से नौ रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्र पहले से ही उत्पादन में हैं, जिनमें से चार एससीसीएल में, तीन डब्ल्यूसीएल में और एक-एक एनसीएल और ईसीएल में हैं। इन रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्रों की कुल वार्षिक क्षमता लगभग 5.5 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष है। इसके अलावा, सीआईएल की विभिन्न सहायक कंपनियों में ओवरबर्डन से रेत उत्पादक चार संयंत्र निविदा के विभिन्न चरणों में हैं। लिग्नाइट उत्पादक कंपनी एनएलसीआईएल भी दो रेत उत्पादक संयंत्र लगा रही है। इन सभी नए आगामी संयंत्रों की कुल वार्षिक रेत उत्पादन क्षमता लगभग 1.5 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष होगी।

**भविष्य का मार्ग**


अग्रणी पहलों के माध्यम से, कोयला/ लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रम रेत उत्पादन और खपत के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक कल्याण में योगदान दे रहा है। कोयला मंत्रालय किफायती मूल्य पर ओवरबर्डन से और भी अधिक मात्रा में रेत का उत्पादन करने के लिए कोयला/ लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रम को लीक से हटकर इस पहल को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

अगले कुछ वर्षों में, प्रौद्योगिकी की प्रगति और हमारे देश में विभिन्न स्थानों में भारी मात्रा में होने वाले रेत उत्पादन के साथ, रेत के प्रति घन मीटर कीमत में काफी कमी आएगी, जिससे आम आदमी को निर्माण उद्देश्य के लिए सस्ती रेत उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे नदी तल की रेत के इस्तेमाल को भी कम करने में मदद मिलेगी, जो बदले में पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होगा।

**राजीव आर. मिश्रा**

### शर्म उन्हें क्यों आए?

दौलत की धौंस और व्यवस्था भी बने बनाये,
कुछ लोग होते हैं
माहौल बिगाड़ने में माहिर
अपने कर्म कुकर्मों से यदा कदा बार बार
देश को है जताए,
तो बताओ, शर्म उन्हें क्यों आए?
मुंह से कह तो देते हैं
कि औरत देवी का रूप है,
पर असल में उनका सोच ही कुरूप है,
नंगे घुमाने, बलात्संग करने को
कुछ धूर्त औरतें ही गलत नहीं कहते,
कितने भी क्रूर अपराध हो
ये अपराधियों के ही पक्ष में है रहते,
ये गलत को भी संस्कृति क्यों कहते हैं?
अश्पृश्यता, मारना पीटना, हत्या करना,
लिंचिंग, बलात्कारी में ये शामिल क्यों रहते हैं?
जनंध्यता को क्यों माने संस्कृति,
क्या नजर नहीं आता उन्हें विकृति,
कौन किस पर विश्वास करे
किन किन पर भरोसा जताए,
कौन कब किसे निर्वस्त्र घुमाए,
वाकई वे बेशर्म हो चुके
शर्म उन्हें क्यों आए।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

### तुझमें है काबिलियत

नापना हो डगर तुझे,
लांघ जाना हो पर्वत।
मुश्किलों से ना घबराना,
आ जाए कोई आफत।।
राह में तेरे रोड़े अटकाए,
बाधाएं अनगिन टकराए।
साहस कभी ना खोना तुम,
आ जाए कोई मुसीबत।।
दोगले भी मिलेंगे राहों में,
आदमी की परख कर लेना।
पग नापना फूँक-फूँक कर,
चाहे कोई दे तुम्हें नसीहत।।
रौंदे जाते यहां ईमान-धरम,
सत्य का पैर जमाए रखना।
पहचान भीड़ में बना जाना,
तुझमें ही है इंसानियत ।।
मुकाबला जरा डटकर करना,
बन जाना अभिमन्यू तुम।
तोड़ जाना चक्रव्यूह,कौरवों का,
है तुझमें ही काबिलियत।।



**महेन्द्र साहू**
खलारीवाला
गुंडरदेही बालोद
छत्तीसगढ़

### बैल और सांड

हम कृषक जन गाँव के वासी है।
इस वसुंधरा के मूलनिवासी है।
खेत-खलिहान में श्रम करके,
ग्रहण करते रसाल चटनी-बासी है।।
निलय में बैल रखते न्यारी है।
जिसकी सेवा असीम प्यारी है।
भूमिपुत्र की इसी से पहचान,
छकड़ा वृषभ हल तीन चिन्हारी है।।
पुंगव सरल-सहज खूब उपयोगी है।
जो दरिद्रों के परे करते सब रोगी है।
ये देश-दुनिया के पालनहार होते
खेतों में तप-श्रमकण योगी है।।
पर साँड़ होते उद्दंड-बेलगाम।
स्वार्थ,नुकसान,हिंसापूर्ण आराम।
धार्मिकता का ओढ़े रहते चादर,
ग्राम पंचायत आश्रय का परिणाम।।
जो फसलों को पहुँचाते क्षति है।
जिसमे सेवा भाव न बुद्धि मति है।
जो तुच्छ बातों पर उग्र हो जाते,
फिर हिंसकता से आती विपत्ति है।।
जनसेवक हुए तन-मन से निर्बल।
निरंकुश-हिंसक लोग हुए सबल।
धार्मिक-कट्टरता का लिबास ओढ़े,
जो शासन-प्रशासन प्रश्रय में सफल।।



**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर चांपा
(छत्तीसगढ़)

### तलब

बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर से
हंसना खिलखिलाना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर से
मस्ती भरे लम्हों को जीना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर
थक हारकर मां की गोद में सोना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर
अधूरी मोहब्बत का किस्सा सुनाना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर से
अपने यारों के साथ ही जीना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर
बीता हुआ हर लम्हा जीना है।



**राजीव डोगरा**
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

# कौन-सा दवा

दवा क्या है? दुनिया भर में केवल एलोपैथिक दवा ही चल रही है? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि यह एकमात्र दवा नहीं है। कारण...यह है कि भले ही हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे होम्योपैथी, आयुर्वेद, यूनानी, आदि...

यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है कि एक्यूपंक्चर जैसी चिकित्सा पद्धति बिना दवा के 200 से अधिक बीमारियों का इलाज कर सकती है।

वहीं, आयुर्वेद, सिद्ध और होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से हजारों बीमारियों का इलाज सरल रूप में स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है।

हमारी जनता यह जानती है, हमारे शासक यह जानते हैं और किसी भी मतभेद के लिए कोई जगह नहीं है...

एलोपैथिक चिकित्सा के व्यवसाय ने दुनिया को क्यों डरा दिया है, उस व्यवसाय को बंद करने के लिए ही परामर्श निःशुल्क विज्ञापन के रूप में चलाया जा रहा है। अगर बहुत ज़्यादा नहीं...

क्योंकि...कोई दवा व्यावसायिक रूप से तब जा रही है जब लोगों के लिए उस दवा की कार्यक्षमता में सुधार हो...वह सुधार बीमारियों या मरीजों को बिना किसी आर्थिक परेशानी के, बिना साइड इफेक्ट के पूरी तरह से ठीक करना है....

हमें ध्यान रखना चाहिए कि सुरक्षा कोई मिसाल कायम नहीं करती।

क्योंकि.... यहां जो सबसे बुरी स्थिति देखी गई वह वह स्थिति है जहां सब कुछ संपन्न लोगों के लिए है।

यदि यह एलोपैथिक दवा बनाई गई है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है... जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न नहीं हैं उनके लिए एलोपैथिक चिकित्सा लागत वाली दवा सबसे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की पहुंच से भी परे है।

अगर इसे किसी अथाह दिशा से लाया जाए तो यह बहुत ज्यादा नहीं है...

ऐसी स्थिति में हम लोगों के लिए वैकल्पिक चिकित्सा को सरल तरीके से अपनाना ही सर्वोत्तम है। सामाजिक शोधकर्ताओं और विचारकों का मानना है कि प्राकृतिक भोजन में योग जैसे व्यायाम और एक्यूपंक्चर चिकित्सा उपचार के परिणामस्वरूप शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखा जा सकता है। बहुत ही जिम्मेदार और स्वस्थ समाज।

लोगों को इसे पूरी तरह से समझने की जरूरत है.

इसमें कोई संदेह नहीं है कि वैकल्पिक चिकित्सा के साथ उनकी बीमारियों का इलाज करना एक सरल और किफायती तरीका हो सकता है।

लोग इस बात को कब समझेंगे और एलोपैथिक चिकित्सा का सहारा लेना बंद कर केवल आपातकालीन स्थिति के लिए ही एलोपैथिक चिकित्सा का उपयोग करेंगे और अपनी सभी बीमारियों का जवाब अन्य दवाओं में खोजने का प्रयास करेंगे....?

तभी भारत के लोग चिकित्सकीय रूप से जागरूक होंगे ही नहीं चिकित्सा के माध्यम से भारी वित्तीय हानि लोगों को नहीं होती। सच है।

क्या एलोपैथिक चिकित्सा उन माता-पिता के लिए सर्वोत्तम है जो अपने बच्चों को चिकित्सा का अध्ययन करने के लिए भेजते हैं और जो छात्र एलोपैथिक चिकित्सा का अध्ययन करना चाहते हैं और जो चिकित्सा का अध्ययन करने के लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं? उस बारे में सोचना।

यही सामाजिक परिवर्तन का रास्ता है।



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई,
तमिलनाडु

# नफरत मिटाने के साझा प्रयास की जरूरत

पिछले कुछ समय से देश के अलग अलग हिस्सों में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो समाज में बढ़ती नफरत, हिंसा और गुस्से की प्रवृत्ति को परिलक्षित करती हैं। मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा से लेकर दिल्ली से सटे मेवात में हुए सांप्रदायिक दंगे और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में तीन लोगों की गोली मार कर हत्या करने की घटना को इस मामले में प्रतिनिधि घटना के तौर पर देख सकते हैं। ये तीनों घटनाएं देश के तीन अलग अलग भौगोलिक क्षेत्र में हुई हैं और बिल्कुल भिन्न सामाजिक परिवेश में हुई हैं। इसलिए इन तीनों घटनाओं का किसी एक पहलू से विश्लेषण संभव नहीं है। इसमें सामाजिक व सांप्रदायिक विभाजन का पहलू है तो समाज व व्यक्तियों में बढ़ती असहिष्णुता का पहलू भी है और साथ ही कानून व्यवस्था व खुफिया तंत्र की विफलता का पहलू भी है तो राजनीतिक लाभ की मंशा का पहलू भी है।

सबसे पहले सामाजिक स्तर पर बढ़ रहे विभाजन की बात करें तो ऐसा लगता है कि भारत का समाज बड़ी तेजी से 'हम और वे' की विभाजन रेखा को पार करता जा रहा है। वैसे यह पुरानी धारणा है कि जो हमारी तरह नहीं हैं, उनको हमारे साथ नहीं रहना चाहिए। लेकिन इस धारणा के अपवाद के तौर पर ही भारत जैसी विविधता वाला समाज विकसित हुआ है। भारत में विविधता का सम्मान और स्वीकार कभी भी कृत्रिम नहीं रहा। वह स्वाभाविक रूप से था और भाजपा के नेता भी बड़े गर्व से कहते रहे हैं कि भारत एकमात्र देश है, जहां दुनिया के हर धर्म को फलने-फूलने की पूरी आजादी मिली है। यह भी कहा जाता है कि दुनिया में करीब 60 इस्लामिक मुल्क हैं लेकिन हिंदू बहुल भारत एकमात्र देश है, जहां इस्लाम को मानने वाले सभी 72 फिरकों से जुड़े लोग रहते हैं। इसके बावजूद अगर कोई व्यक्ति धर्म पहचान कर एक साथ तीन लोगों की गोली मार कर हत्या कर दे तो यह बहुत चिंता की बात होती है। मणिपुर से मुंबई तक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि कुकी और मैती एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं। वहां जाति पूछ कर हमले हो रहे हैं, हत्याएं हो रही हैं। इसी तरह जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में रेलवे पुलिस फोर्स के एक जवान ने एक सीनियर अधिकारी की हत्या कर दी और उसके बाद तीन मुस्लिम यात्रियों को खोज कर गोली मार दी। इस भयानक हत्याकांड को अंजाम देने के बाद उसका एक कथित वीडियो सामने आया, जिसमें वह पाकिस्तान का जिक्र कर रहा है और हिंदुस्तान में रहना है तो क्या करना होगा यह बता रहा है।

यह समाज में बढ़ती नफरत और हिंसा को प्रतीकित करने वाली घटना है। किसी खास राजनीतिक विचारधारा के अतिशय प्रचार की वजह से हो या मीडिया में एक समुदाय के खिलाफ नफरत बढ़ाने वाला कंटेंट लगातार दिखाए जाने की वजह से हो लेकिन हकीकत है कि आम आदमी के दिमाग में जहर भरा जा रहा है। एक दूसरे के प्रति नफरत बढ़ाई जा रही है। झूठी सच्ची खबरों या आधी अधूरी ऐतिहासिक बातों के सहारे उनको दूसरे समुदाय के प्रति भड़काया जा रहा है। भड़काने का यह काम लगभग सभी समुदायों की ओर से किया जा रहा है। कहीं प्रत्यक्ष रूप से तो कहीं परोक्ष रूप से। मणिपुर और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस की घटना इसी का नतीजा है। सोचें, यह कितना खतरनाक है कि कहीं किसी की जाति पूछ कर उसकी हत्या कर दी जाए और कहीं किसी का धर्म देख कर उसको गोली मार दी जाए? क्या इस तरह की घटनाएं देश को अराजकता की ओर नहीं ले जाएंगी?

इसका एक दूसरा पहलू भी है। चलती ट्रेन में चार लोगों को गोली मारने वाले के बारे में कहा जा रहा है कि वह मानसिक रूप से अस्थिर था और पहले भी उसकी शिकायत मिली थी। लेकिन चार लोगों की हत्या के बाद वह जिन तर्कों से अपने कुकृत्य को जस्टिफाई कर रहा था वह बेहद चिंताजनक है। सोचें, आज हर जगह नागरिक के जीवन में सुरक्षा एजेंसियों का दखल है। रेलवे स्टेशनों से लेकर हवाईअड्डों तक और सड़क से लेकर बाजार तक हर जगह सुरक्षाकर्मी अत्याधुनिक हथियार लेकर खड़े होते हैं। किसी को क्या पता कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है? वह किस विचारधारा से जुड़ा है और मीडिया में दिखाई गई किस खबर से उद्वेलित है? अगर किसी तनाव या दबाव के क्षण में वह गोलियां चलाने लगे तो क्या होगा? एक खबर के मुताबिक पिछले पांच साल में केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों से जुड़े छह सौ से ज्यादा जवानों ने खुदकुशी की है। कई जवानों ने अपने सहकर्मियों की हत्या करके अपने आप को गोली मारी। यह एक अलग तरह के दबाव का नतीजा है, जो पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान झेलते हैं। सो, सरकार को तत्काल इस दिशा में सोचना चाहिए। सुरक्षा बलों को डिरैडिकलाइज करने का उपाय होना चाहिए तो साथ ही उनके निजी तनावों और दबावों को दूर करने के भी उपाय होने चाहिए। बेहतर प्रशिक्षण और नौकरी की स्थितियों को बेहतर करके ऐसा किया जा सकता है।

जिस समय जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में चार लोगों को गोली मारने की घटना हुई उस समय राजधानी दिल्ली से सटे मेवात और गुरुग्राम में सांप्रदायिक हिंसा की आग लगी थी। यह पंक्ति लिखे जाने तक छह लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। सैकड़ों गाड़ियां जला दी गई और दर्जनों दुकानें जल कर खाक हो गईं। यह अनायास हुई हिंसा नहीं थी और न इसका विस्तार मामूली था। राजधानी दिल्ली के पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में एक बड़ा इलाका इसकी चपेट में आया। इसकी आंच राजस्थान और उत्तर प्रदेश तक पहुंची। इसमें एक पहलू राजनीतिक है लेकिन उससे ज्यादा बड़ा और अहम पहलू पुलिस, प्रशासन व खुफिया तंत्र की विफलता का है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से ब्रज मंडल यात्रा हर साल निकाली जाती है और कभी भी दंगा नहीं होता है। इस बार यात्रा से पहले दो हत्याओं के आरोपी मोनू मानेसर को लेकर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उसके यात्रा में शामिल होने का दावा किया गया। सोचें, दो मुस्लिम नौजवानों की हत्या के मामले में पुलिस उसे कई महीने से तलाश रही है और वह पकड़ा नहीं गया। और जब उसके यात्रा में शामिल होने का वीडियो आया तब भी सुरक्षा एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठी रहीं। तभी सवाल है कि जब उसके यात्रा में शामिल होने का वीडियो वायरल हुआ और नूंह चौराहे पर मुस्लिम समाज के लोग इकट्ठा होने लगे तो क्या पुलिस और प्रशासन को अतिरिक्त तैयारियां नहीं करनी चाहिए थी? क्या खुफिया विभाग को सूचना नहीं मिली कि नूंह चौराहे पर मुस्लिम समुदाय के लोग इकट्ठा हो रहे हैं तो दूसरी ओर यात्रा में शामिल कुछ लोग भी हथियार वगैरह लेकर निकलने वाले हैं? क्या इन्हें रोका नहीं जा सकता था? क्या मोनू मानेसर को लेकर पहले ही स्थिति स्पष्ट नहीं की जा सकती थी? लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया और नतीजा यह हुआ कि दंगा भड़क गया, जिसमें कितनी जानें चली गईं, कितने घर तबाह हो गए और कितने लोगों का रोजगार छीन गया।

सवाल है कि नफरत की जो आंधी चली है उसे रोका जा सकता है? राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोल कर बैठे हैं लेकिन यह अकेले राहुल गांधी या अकेले किसी एक पार्टी या एक राजनीतिक गठबंधन से संभव नहीं है कि वह इस आंधी का रुख मोड़ सके। इसके लिए साझा प्रयास की जरूरत होगी। सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। जिस दिन ट्रेन में गोली मारने की घटना हुई और गुरुग्राम में हिंसा हुई उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए के सांसदों से मुलाकात में कहा कि उनको मुस्लिमों के साथ रक्षाबंधन बनाना चाहिए। यह बहुत अच्छी बात है। इस तरह की सामाजिक पहल अगर प्रधानमंत्री के स्तर पर खुद होती है तो समाज में बड़ा मैसेज जाएगा।

**अजीत द्विवेदी**

# रामकृष्ण विश्वास का हिंदुस्तान सदा ऋणी

भारत के स्वतन्त्रता प्राप्ति संग्राम के महान सेनानी, रामकृष्ण विश्वास का हिंदुस्तान सदा ऋणी रहेगा। महान सपूत का अवतरण 16 जनवरी 1910 को सारातोली, चितगोंग, वर्तमान बांग्लादेश तत्कालीन अविभाजित भारत। उनके पिता का नाम दुर्गाकृपा बिस्वास था। रामकृष्ण बिस्वास महान क्रांतिकारी मास्टर सूर्यसेन जी के संगठन में सक्रिय सदस्य थे। सन 1930 में क्रांतिकारी रामकृष्ण बम बनाते समय बुरी तरह घायल हो गए थे। उन्ही दिनों चटगाँव के इन्स्पेक्टर जनरल मिस्टर क्रैग के काले कारनामों के कारण इस क्रान्तिकारी समूह ने उसका वध करने का निश्चय किया। इसका दायित्व रामकृष्ण विश्वास और कलिपदा चक्रवर्ती को सौंपा गया।

इस काम को करने के लिए 1 दिसंबर सन 1930 को चांदपुर पुलिस स्टेशन पर बम फेंका गया। घटनास्थल पर इन दोनों ने भूलवश क्रैग के स्थान पर इंस्पेक्टर तारिणी मुखर्जी को मार डाला। विश्वास और चक्रवर्ती दोनों को ही 2 दिसंबर सन 1931 को गिरफ्तार कर लिया गया। मुक़दमे के बाद विश्वास को फांसी और चक्रवर्ती को काला पानी की सजा सुनाई गई। निर्धनता के कारण रामकृष्ण विश्वास के परिजन और मित्र कलकत्ता की अलीपुर जेल में बंद उनसे मिलने आने में असमर्थ थे।

अतः संगठन द्वारा चटगाँव की ही निवासी और उस समय कलकत्ता में रह रही प्रीतिलता से उनसे मिलने जाने के लिए कहा गया। वे फांसी की प्रतीक्षा करते रामकृष्ण विश्वास से उनकी बहन बन कर लगभग 40 बार मिलीं और रामकृष्ण और उनके क्रांतिकारी विचारों से अत्यंत प्रभावित हुई। इसी संपर्क ने उनके मन में देश की आज़ादी के लिए सशस्त्र क्रान्ति का मार्ग अपनाने का विचार उत्पन्न कर दिया। 4 अगस्त 1931 में रामकृष्ण विश्वास को अलीपुर सेन्ट्रल जेल में फाँसी दे दी




गई तथा कलिपदा चक्रवर्ती को अंडमान निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल कालापानी भेज दिया गया।

स्तुत्य, शहीद रामकृष्ण विश्वास का मातृभूमि के प्रति ऐसा समर्पण और राष्ट्रभक्ति का जनून युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कर्मांजलि आनेवाली पीढ़ी को देश के वीर नायकों के पदचिन्हों पर चलकर स्वाधीनता के अमृतकाल को स्वर्णिम काल बनाने की दिशा में आरूढ़ होगा। तभी सुरक्षित, समृद्ध, विकसित और वैभवशाली राष्ट्र का योगदान होगा। बलिदान दिवस पर मां भारती के बेटे रामकृष्ण विश्वास को कृतज्ञ राष्ट्र का शत-शत् नमन! जय हिन्द!



**हेमेन्द्र क्षीरसागर**
बालाघाट, मध्यप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में 31 एजेंडों पर हुई चर्चा

-संवाददाता-
अंबिकापुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

मेयर इन काउंसिल की बैठक शुक्रवार को नगर निगम स्थित महापौर कक्ष में आयोजित हुई। महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 31 एजेंडों पर विचार विमर्श व निर्णय लिया गया। महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं सुखद सहारा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायाता योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन एवं मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना सहित कुल 31 एजेंडों पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया।



वहीं निकाय के चतुर्थ श्रेणी सांख्येत्तर पदों के नियमिति पद में परिवर्तन करने एवं सफाई कामगार के पदों को डाईंग कैडर घोषित किया गया है। इन पदों को पुनः नियमिति वेतनमान में पुनर्जीवित करने को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं गांधी स्टेडियम परिसर में स्थित साई हॉस्टल के संचालन के संबंध में चर्चा की गई। साई हॉस्टल नगर निगम के संपत्ति होने के बावजूद भी निगम का अधिकार नहीं है। अभी खेल संघ द्वारा उसे संचालन किया जा रहा है। खिलाड़ी उसमें रह रहे हैं। पर निगम उसे अपने अंडर में लेकर संचालन कराने का निर्णय लिया गया। निगम महिला समूह या किसी अन्य संस्थान के माध्यम से साई हॉस्टल का संचालन कराया जाएगा। वहीं गांधी स्टेडियम स्थित मल्टीपरपज इंडोर हॉल स्टेडियम के संचालन हेतु नियम शर्तें एवं दर निर्धारण के संबंध में विचार विमर्श एवं निर्णय लिया गया। इंडोर हॉल में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। इंडोर हॉल के मेंटनेन्स व सफाई के लिए शुल्क निर्धारित नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए विचर विमर्श व सहमती बनी है। बैठक में डामरीकरण व नाला निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान पार्षद गीता रजक ने कहा कि मेरे वार्ड में नाला निर्माण का काम नहीं होने से वार्ड के कई घरों में पानी घुसने की समस्या आ रही है। लोग रात में फोन कर परेशान करते हैं। मेरे द्वारा नाला निर्माण को लेकर कई बार अवगत कराया गया है। इसके बावजूद भी कोई पहल नहीं की गई। इस मुद्दे पर महापौर ने विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि अभी बारिश का समय है। अभी काम नहीं हो सकता है पर सारी प्रक्रिया पुर्ण करा लें और और बारिश मा मौसम खत्म होते ही काम शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम एमआईसी द्वितेंद्र मिश्रा, शैलू सोनी, मेराज रंगरेज, विनोद एक्का, गीता रजक, संध्या रवानी सहित अन्य पार्षद व निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इन क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा निवेश क्षेत्र में

अंबिकापुर निवेश क्षेत्र की समी विस्तार के संबंध में भी चर्चा की गई। इस दौरान टाउन एंड कंट्री प्लानिंग द्वारा फुन्दुरडिहारी, सरगवां, करजी, छठिरम, हर्रा टिकरा, जगदीशपुर, मेन्ड्राकला को निवेक्ष क्षेत्र में शामिल करने का निर्णय लिया गया। वहीं हमार क्लिनिक अर्बन चौपाटी के पास के प्लाट 12.7 मीटर का विभागीय एनओसी दी है। उक्त भूमि पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हमर क्लिनिक की तैयार कराया जाएगा।

### निगम आयुक्त का हुआ स्वागत

एमआईसी की बैठक में नव पदस्थ निगम आयुक्त अभिषेक कुमार शामिल हुए। एमआईसी की पहली बैठक में शामिल होने पर महापौर डॉ. अजय तिर्की, निगम सभापति अजय अग्रवाल सहित निगम के पार्षदों ने निगम आयुक्त का स्वागत किया। वहीं बैठक के अंत में राज्य शासन द्वारा जारी कलेंडर का विमोचन किया गया।

## नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

फेसबुक से दोस्ती होने के बाद नबालिग लडक़ी युवक से मिलने रास्जथान चली गई। इधर परिजन लडक़ी के गुमसुदगी की रिपोर्ट लखनपुर में दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में बालिका को रास्जस्थान से बरामद किया है वहीं युवक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र निवासी एक प्रार्थी ने 27 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी नाबालिग लडक़ी 24 जुलाई की सुबह घर से बिना बताये कही चली गई हैं। जिसका कहीं पता नहीं चल रहा है। पुलिस मामले में धारा 363 कायम कर बालिका की तलाश में जुट गई थी। पुलिस को साइबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम को बाड़मेर राजस्थान भेजा गया था, मामले में लखनपुर पुलिस टीम एवं बाड़मेर



राजस्थान पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के संदेही की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो संदेही द्वारा अपना नाम सुरता राम आत्मज माला राम उम्र 24 साल साकिन सांवलोर थाना चौहटन जिला बाड़मेर राजस्थान का होना बताया, संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से नाबालिग बालिका को बरामद किया गया हैं, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, उप निरी. डाकेश्वर सिंह, सउनि डेविड मिंज, सउनि रामचंद्र सिंह, आरक्षक मुनेश्वर पैकरा, अमरेश दास, देवेन्द्र सिंह, जानकी प्रसाद राजवाड़े सक्रिय रहे।



## विथ हेल्ड विद्यार्थियों का रिजल्ट सुधारने की मांग

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छात्रसंघ द्वारा ज्ञान तिवारी के नेतृत्व में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का घेराव किया गया। विथ हेल्ड विद्यार्थियों का रिजल्ट सुधारा जाए एवं शंकरगढ़ प्रेम नगर, बिश्रामपुर, रामानुजगंज एवं गर्ल्स कॉलेज के बी-कॉम, बीएससी, बीए के विद्यार्थियों का फिर से कॉपी तत्काल चेक किया जाए। जिसमें कुलपति द्वारा आश्वासन दिया गया की 2 दिनों के अंदर इनकी कॉपी फिर से चेक की जाएगी और अगर छात्र-छात्राएं सही साबित होते हैं तो कॉपी चेक करने वाले प्रोफेसर से तत्काल इस्तीफे की मांग की जाएगी। अगर विद्यार्थी सही साबित होते हैं तो रिचेकिंग का पैसा उन्हें वापस दिया जाएगा। इस दौरान फरान आलम, निवेश सोनवानी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जोन स्तर के विजेता खिलाड़ी अब खेलेंगे विकासखण्ड एवं नगरीय कलस्टर स्तर पर

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 के तहत क्लब और ज़ोन स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न हो चुकी है। 7 अगस्त से विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर खेल प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। हरेली त्योहार के दिन से शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 6 चरणों में लगभग ढाई महीनों तक चलने वाली प्रतियोगिता की चर्चा चारों ओर दिख रही है। राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर शुरू हुई यह स्पर्धा अब जोन स्तर की स्पर्धा खत्म होने के बाद विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर पहुंच गई है। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी। वहीं 26 जुलाई से 31 जुलाई तक जोन स्तर पर



प्रतियोगिताएं हुई, अब ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। चौथा चरण जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवें चरण संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

16 प्रकार के खेलों में हर आयुवर्ग के खिलाड़ियों को हुनर दिखाने का मिल रहा मौका- छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

## नवजात बच्चे का मिला शव,जांच में जुटी पुलिस



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

दरिमा थाना क्षेत्र में नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और शव को पीएम करवाया। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुंदपुर में शुक्रवार को एक नवजात बच्चे का शव देखा गया। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी दरिमा थाने को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। वहीं नवजात का शव को किसने फेंका मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट राहुल गांधी की दोष सिद्धि पर रोक लगाए जाने से कांग्रेस में हर्ष

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की दोष सिद्धि पर रोक लगाए जाने के निर्णय से उत्साहित कांग्रेसियों ने खुशियां मनाया।

मानहानि मामले गुजरात हाईकोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने दोष सिद्धी पर रोक लगा दी है। इस फैसले के आते ही उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। रिमझिम बारिश में राहुल समर्थक राजीव भवन में जमा हुए। जमकर आतिशबाजी की। प्रदेश महासचिव द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत



देते हुए कड़ी टिप्पणी की है।साफ कहा है निचली अदालत ने उच्च्तम सजा देने से पहले इसका कारण स्पष्ट नहीं किया है। यह बड़ी तल्ख टिप्पणी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा इस निर्णय से न्यायालय पर आम लोगों का भरोसा बढ़ा है। केंद्र सरकार ने दुर्भावना पूर्वक प्रकरण तैयार कर उन्हें संसद में बोलने से रोकने की साजिश रची। जनता पहले ही सब जानती थी आज उच्च्तम न्यायालय ने भी इस पर मुहर लगा दी। महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा राहुल गांधी कहते हैं डरो मत, वे खुद भी इसे साबित किया अन्याय और अत्याचार, भरस्टाचार के खिलाफ खुलकर बोले। आज सत्य की जीत हुई है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा, सैय्यद अख्तर हुसैन, वीनू जायसवाल,आशीष वर्मा, चुनमुन तिवारी, मेराज अंसारी,प्रभात रंजन सिन्हा, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, हिमांशु जायसवाल,विकास केशरी, चन्द्र प्रकाश सिंह,पंकज शुक्ला, आशीष जायसवाल, आतिश शुक्ला,केदार यादव, धीरज पटवा ,आकाश यादव,ऋषि राज सिंह,संजर नवाज़, ऋषभ जायसवाल,अंकित जायसवाल ,गगन निगम, कृष्णा यादव, दीपक, अभ्युदय सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से की सीधे संवाद




-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

सरगुजा जिले के लखनपुर जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 4 अगस्त दिन शुक्रवार को किया गया था। ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव शमिल हुए। कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद की । संवाद के दौरान अलग-अलग क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं के द्वारा उपमुख्यमंत्री को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव के द्वारा कार्यकर्ताओं को निराकरण करने का आश्वासन भी दिया है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में अंबिकापुर विधानसभा से चुनाव लड़ने को लेकर उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहां की चुनाव से पूर्व उनके द्वारा कार्यकर्ताओं से चुनाव लड़ने को लेकर रायशुमारी की जाती है। इसी संदर्भ में आज ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद की चुनाव लड़ने को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा समर्थन किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलने उपरांत चुनाव लड़ने को लेकर पहल किया जाएगा। क्षेत्र की जनता के द्वारा लंबे समय से लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम प्रथम विधायक स्व लाल अमरेश प्रताप सिंहदेव के नाम पर रखने को लेकर लगातार मांग की जा रही है। विभाग के पास प्रस्ताव आया है।जिस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही क्षेत्रवासियों की मांग पूरी की जाएगी। विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव , किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव, एआइपीसी संभाग समन्वयक रणविजय सिंह देव, ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह पैकरा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंहदेव , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र पांडे ,शैलेश गुप्ता, दिनेश तायल, शराफत अली, बृजमोहन अग्रवाल, रमेश जायसवाल, अशोक अग्रवाल, गप्पू खान, पप्पू इरशाद, सतेंद्र राय, शशि पांडेय, पार्षद अमित बारी,महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजीदा खानम , सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र में फॉर्म 6,7 और 8 भरे जाने की कार्यवाही जारी

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र में अभिहित अधिकारी एवं बी.एल.ओ. की उपस्थिति में 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है, साथ ही मृत मतदाता व अन्यत्र निवास करने वाले मतदाताओं का नाम विलोपित किया जा रहा है। विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम में ऐसे मतदाता जो वर्तमान में अन्यत्र निवास कर रहे हैं, उनका संबंधित मतदान केंद्र में फार्म 08 भराया जाकर संशोधित कराने का कार्य भी किया जा रहा है।

2 अगस्त 2023 से प्रत्येक ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में फार्म भरवाने का कार्य आरंभ किया जा चुका है। जिसके तहत नये मतदाताओं का नाम जोड़ा एवं विलोपित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ



ही स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरुक करने हेतु जिला स्तर पर मॉक पोल, नुक्कड़ नाटकों का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया है कि मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु तहसील व विकासखण्ड स्तर पर ई.वी.एम. मशीनों का प्रदर्शन एवं मॉक पोल का अभ्यास लोगों से कराया जा रहा है। ताकि लोग मतदान की प्रक्रिया को समझ कर वास्तविक मतदान के समय स्वयं को सहज कर सकें। इसी क्रम में भावी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सरस्वती शिशु विद्यालय अम्बिकापुर में मॉक पोल करवाया गया। इसके साथ ही कलेक्टोरेट परिसर व तहसील कार्यालय अम्बिकापुर में भी ई.वी.एम. प्रदर्शन केन्द्र (ई.पी.सी.) बनाकर परिसर में आने वाले नागरिक जनों व ग्रामीणों द्वारा लगातार मतदान अभ्यास कराया जा रहा है। विकासखण्ड स्तर पर भी ई.वी.एम. वैन के माध्यम से सभी मतदान केन्द्र घर बाजार और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों को ई.व्ही.एम. से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी विकासखण्ड चुनाव में मतदान प्रक्रिया के सुचारू क्रियान्वयन के लिये मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अस्पष्ट निविदा को निरस्त करने की मांग

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 एवं 2 द्वारा अस्पष्ट एवं भ्रामक शब्दों का प्रयोग कर निविदा निकालकर अनियमितता करने के संबंध में भाजपा नेता मधुसूदन शुक्ला ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर अवगत कराया है। उन्होंने बताया है कि लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 एवं 2 द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए 41 निविदाएं निकाली गई है। उक्त निविदाओं के प्रकाशन में भी नियमों का पालन नहीं किया गया है जिसके कारण अधिकारियों के कृपा पात्र कुछ चिन्हित ठेकेदार ही भाग ले पाये हैं। उक्त निविदाओं में करने वाले कार्य के नाम एवं स्थान के जगह भ्रामक शब्दों का प्रयोग कर शासकीय राशि के गबन की तैयारी की जा रही है जिसकी व्यापक जांच कराकर निविदा निरस्त करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अपराधिक कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता मधुसूदन शुक्ला ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर उक्त सभी निविदाओं को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

CMYK

## सिंगापुर में आठ दिनों में दी गई तीसरी मौत की सजा, पूर्व में एक महिला को दी गई फांसी

सिंगापुरी सिटी । सिंगापुर ने 54 ग्राम हेरोइन की तस्करी के आरोप में एक कैदी को फांसी दे दी है । पिछले आठ दिनों में दी गई तीसरी मौत की सजा है । इस तरह की सजाओं को रोकने की कई मांगों के बावजूद हालिया मृत्युदंड दिया गया। कुछ दिनों पहले ही 19 वर्षों में पहली बार किसी महिला को फांसी देने की घटना सामने आई थी । 39 साल के मोहम्मद शालेह अब्दुल लतीफ को चांगी जेल में फांसी दे दी गई । देश के सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो ने कहा कि लतीफ को कानून के तहत उचित सजा दी गई । ब्यूरो ने कहा कि तस्करी की गई हेरोइन की मात्रा 1.9 औंस या 53.86 ग्राम एक हफ्ते के लिए लगभग 640 नशेड़ियों के लिए पर्याप्त थी । शख्स को 2016 में गिरफ्तार किया गया था जब वह डिलीवरी ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था । 2019 में लतीफ को मौत की सजा सुनाई गई थी और उसकी अपील पिछले साल खारिज हुई थी । हालांकि अब्दुल सिर्फ एक डिलीवरी ड्राइवर थे लेकिन कोर्ट ने कहा कि उन्हें प्रोसेक्यूटर्स के साथ सहयोग नहीं करने के लिए मौत की सजा दी गई थी । सिंगापुर के कानूनों के तहत, जिनमें ड्रग्स की तस्करी के खिलाफ कठोर सजा का प्रावधान है, 500 ग्राम ( 17.6 औंस) कैनेबीज (भांग) और 15 ग्राम (0.5 औंस) हेरोइन से अधिक की तस्करी के लिए किसी को भी मौत की सजा दी जा सकती है । यह पिछले साल मार्च में कोविड महामारी के कारण दो साल बाद दोबारा शुरू हुए मृत्युदंड के बाद ड्रग्स से जुड़े अपराधों में 16वीं फांसी है । 2020 में कोविड महामारी के दौरान फांसी की सजा पर रोक लगा दी गई थी । 2022 में सिंगापुर ने एक बौद्धिक रूप से अक्षम और मानसिक रूप से बीमार शख्स नागेंथ्रान धर्मलिंगम को फांसी देकर दुबारा अपने कठोर कानून की शुरुआत की । जीरो-टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए, सिंगापुर नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों को सबसे गंभीर अपराध मानता है । प्रशासन का दावा है कि मृत्युदंड ड्रग्स तस्करी को रोक सकता है और ज्यादातर नागरिक मृत्युदंड का समर्थन करते हैं । हालांकि देश के कार्यकर्ता और वकील इस दावे पर सवाल उठाते हैं ।

## विमान हादसे में मारे गए भारतीय छात्र और प्रशिक्षक का शव बरामद

मनीला । फिलीपीन में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पायलट का प्रशिक्षण ले रहे 20 वर्षीय भारतीय छात्र और उसके फिलीपीनी प्रशिक्षक के शव बरामद कर लिया गया हैं । प्राधिकारियों ने बताया कि सेना ने कैप्टन एडजेल



जॉन लुंबाओ तबुजो ( 24) और पायलट का प्रशिक्षण ले रहे भारतीय छात्र अंशुम राजकुमार कोंडे के शव बरामद किया हैं। जानकारी के मुताबिक, दोनों ही मंगलवार को अपायो के लूना में दो सीट वाले सेसना विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में मारे गए थे । खबर के मुताबिक, सेना की 503वीं टुकड़ी ने मृतकों की पहचान की है । आरपी-सी8958 सेसना 152 विमान के पायलट तबुजो के शव को उसके परिवार को सौंप दिया गया है और भारतीय छात्र कोंडे का शव भारतीय दूतावास को सौंपे जाने से पहले कानूनी प्रक्रिया की जा रही है ।

## मानवता की दुहाई देकर अमेरिका ने दो चीनी कंपनियों को किया बैंन

वॉशिंगटन । चीन-अमेरिका के बीच तकरार अभी जारी है। खबर हैं कि अमेरिका ने दो चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है । दरअसल अमेरिका ने चीन पर उइगर मुसलमानों के जबरन श्रम का आरोप लगाया है । अमेरिका का कहना है कि चीन अपनी कंपनियों में जानबूझकर इन समुदायों के सदस्यों को प्रताड़ित कर रहा है, इसकारण अमेरिका ने चीन की बैटरी निर्माता कंपनी कैमल ग्रुप और मसाले बनाने वाली कंपनी चेंगुआंग बायोटेक ग्रुप के उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह जानकारी अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) ने बयान में दी है । डीएचएस ने कहा कि चीन की इन दो कंपनियों के उत्पादों को देश में अनुमति नहीं मिलेगी । यह फैसला मानवता को देखकर लिया गया है, क्योंकि शिनजियांग में उइगर और अन्य धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ खुलेआम नरसंहार हो रहा है । डीएचएस की अध्यक्षता में इंटरएजेंसी फोर्स्ड लेबर एनफोर्समेंट टास्क फोर्स (एफएलईटीएफ) ने चीन की इन दो कंपनियों को उइघुर फोर्स्ड लेबर प्रिवेंशन एक्ट (यूएफएलपीए) इकाई सूची में जोड़ा है । इन प्रतिबंधों का एक ही लक्ष्य है, वहां शिनजियांग में उइगर औरअन्य धार्मिक समूहों के खिलाफ चल रहे नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देना । लेकिन बीजिंग ने इन आरोपों को खारिज कर कहा है कि उइगरों के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यकों के प्रति उसकी नीतियां 卐अतिवाद卐 को रोकने के लिए आवश्यक हैं । उइगरों के प्रति चीन का व्यवहार बीजिंग और वॉशिंगटन के बीच तनाव के कई बिंदुओं में से एक रहा है । अमेरिका ने 2020 में भी चीन पर उइगर मुसलमान के शोषण का आरोप लगाते हुए चीन की 11 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया था ।

## दुकान लूटने आए चोर को सिख युवक ने डंडे से पीटकर भगाया

वॉशिंगटन । अमेरिका में अक्सर किसी स्टोर के लुटने या फिर वहां पर फायरिंग की खबरें आती हैं । स्टोर मालिक डर के मारे कभी कुछ न तो कर पाते हैं और न ही कुछ कह पाते हैं । लेकिन अब एक नया वीडियो आया है जिसमें एक सिख युवक स्टोर लूटने आए चोर को इतना पीटता है कि उसे जान बचाकर भागना पड़ता है । चोर डकैती के इरादे से स्टोर में दाखिल होता है लेकिन उसका सामना एक सिख युवक से होता है। फिर उसे जमकर डंडे की पिटाई झेलनी पड़ती है । कई लोग चोर की पिटाई को देसी तरीका बता रहे हैं । वहीं कुछ सिख युवक की बहादुरी की तारीफ कर रहे हैं । वाकया कुछ दिनों पहले का है जब एक स्टोर में हथियार से लैस कुछ लुटेरे डकैती के इरादे से एक स्टोर में दाखिल हुए । राशन की दुकान में दाखिल ये डकैत अपना मुंह ढंके हुए थे । जैसे ही यह स्टोर में दाखिल होते हैं आसपास का सामना हटाने लगते हैं। उन्हें शायद इस बात का अंदाजा नहीं था कि उस स्टोर का मालिक एक सिख है । चोर कूड़ेदान में सामान भरने की कोशिशें करता है । इसी समय स्टोर मालिक वहां पर आता है और उसे रोकता है । चोर के पास हथियार होता है । वह हथियार लहराते हुए स्टोर मालिक को पीछे रहने की चेतावनी देता है। इसी समय एक व्यक्ति बिलिंग काउंटर से सारा वीडियो बना रहा होता है। यह घटना किस जगह की है इस बारे में अभी खुलासा नहीं किया गया है ।

## 100 से वैज्ञानिकों के लिए अनसुझली पहेली बना एक बच्ची का अवशेष

एम्सटर्डम । एक बच्ची के अवशेष लगभग 100 साल से विशेषज्ञों के लिए अनसुझली पहेली बने हुए हैं । वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर कर बच्ची की मौत कैसे हुई थी। मई 1897 में नीदरलैंड के येड में दलदल में काम करने वाले दो मजदूरों को एक लड़की का बेहद अच्छी तरह संरक्षित शरीर मिला था। हालांकि उसका शरीर सिकुड़ था और ममी में तब्दील हो गया था, लेकिन बच्ची के लाल बाल बेहद अच्छी हालत में थे । इस बात को 100 साल से भी अधिक समय हो चुका है, लेकिन वैज्ञानिक इस बच्ची की पहेली को सुलझा नहीं सके हैं । विशेषज्ञ अभी भी यह पता लगाने में जुटे हैं कि उस लड़की का ऐसा भयानक अंत कैसे हुआ । अनुमान है कि उसकी मौत 54 ईसा पूर्व से 128 ईस्वी के बीच हुई थी और संभवत : तब बच्ची की उम्र 16 साल के आसपास थी । लड़की की गर्दन पर रस्सी का फंदा बंधा हुआ था और ऐसा लग रहा था कि उसकी गर्दन पर चाकू से हमला किया गया है । उसके आधे बाल भी कटे हुए थे और दांत गायब थे । वैगनिंगेन यूनिवर्सिटी के डॉ रॉय वैन बीक ने कहा, दो थ्यौरी बताई गई हैं । पहला, इसमें वे लोग शामिल हैं जो परंपराओं का पालन नहीं करते थे । दलदल में पाए जाने वाले शव वे लोग थे जो अपराधी थे या व्यभिचार के दोषी पाए गए थे । दूसरी, यह एक उच्च शक्ति को बलिदान करने के बारे में भी हो सकता है । शोध से पता चला है कि वह स्कोलियोसिस के गंभीर मामले से पीड़ित थी और उसकी लंबाई लगभग साढ़े चार फीट थी । रिपोर्ट्स में कहा गया है कि वह बेहोशी की हालत में मर गई होगी क्योंकि शरीर के साथ मिले हाथों पर बचाव के निशान या घाव नहीं थे । दलदली पानी में टैनिक एसिड के कारण लड़की त्वचा और बाकी चीजें इतनी अच्छी तरह से संरक्षित थीं । खोज के बाद लड़की के अवशेषों को प्रदर्शनी के लिए रखा गया था और 1992 तक इन पर आगे अध्ययन नहीं किया गया ।



लंदन में फ्रेडी मरक्यूरी सिग्नेचर क्राउन और केप को एक वर्ल्ड ऑफ हिज ओन के प्री-व्यू में दिखाया गया।

## वैगनर लड़ाके पोलैंड में घुसकर कर सकते हैं हमला, अमेरिका ने कहा नाटो पर हमला माना जाएगा

वॉर्सा । वैगनर लड़ाकुओं को लेकर पोलैंड और बेलारूस के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटेउस्ज मोराविकी ने रूस और बेलारूस को और ज्यादा उकसावे वाली कार्रवाई के लिए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वैगनर ग्रुप तोड़फोड़ कर सकता है । इस बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि अगर वैगनर के सैनिकों ने पोलैंड पर कोई भी हमला किया, तब इस नाटो पर हमला माना जाएगा । अमेरिका और पोलैंड के इन बयानों के बाद बेलारूस के साथ उनका तनाव और बढ़ता जा रहा है । वहीं बेलारूस के ऊपर रूस का हाथ है और हाल ही में उसने रणनीतिक परमाणु बम दिया है । पोलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग इस खतरे को कम करके आंक रहे हैं, वे उकसावे वाली कार्रवाई और साजिश के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। इससे पहले 29 जुलाई को पोलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि 100 से ज्यादा वैगनर लड़ाके पोलैंड और लिथुआनिया के बीच संकरे से इलाके में पहुंचे हैं इस सुवाविक कॉरिडोर कहा जाता है । उन्होंने कहा कि यह पोलैंड के इलाके में हाइब्रिड हमले की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री माटेउस्ज ने कहा कि वैगनर के लड़ाके प्रवासी के रूप में बेलारूस की सीमा को पार करके पोलैंड में घुस सकते हैं । इस बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत लिंडा थॉमस ने खुली चेतावनी दी है । लिंडा ने कहा था कि रूसी वैगनर ग्रुप की ओर से अगर कोई भी हमला किया जाता है, तब रूस का हमला माना जाएगा। उन्होंने वैगनर ग्रुप के रूसी सीमा पर मौजूदगी पर कहा कि हम इस ग्रुप को लेकर निश्चित रूप से चिंतित हैं जो रूसी सरकार के आदेश पर काम कर रहा है । यह हम सभी के लिए खतरा है ।

# 5 अगस्त को फिर कुछ बड़ा होने वाला है, शान से इस जगह लहराएगा तिरंगा प्यारा



**बीजिंग (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लिए अगले 24 घंटे बहुत मुश्किल भरे हैं। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि वहां आजकर 5 अगस्त की चर्चा जोरों पर है। वहां के लोग तो दबी जुबान में ये भी कह रहे हैं कि 5 अगस्त को हो ना हो भारत फिर कुछ बड़ा करने जा रहा है। 5 अगस्त ही वो तारीख थी जब 2019 में मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया था। 5 अगस्त 2019 के बाद एक नया जम्मू-कश्मीर उभर रहा है जहां युवा अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। अब फिर एक बार 5 अगस्त के ही दिन भारत एक और इतिहास बनाने के करीब पहुंच गया है। 1 दिन बाद हमारा चंद्रयान चांद की कक्षा में प्रवेश कर जाएगा। इस अग्निपरीक्षा को पास करने के साथ ही हम चांद पर तिरंगा लहराने के बेहद करीब खड़े होंगे।

### 5 अगस्त की तारीख बेहद खास

जम्मू कश्मीर के लोग 5 अगस्त 2019 से आगे बढ़ चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान की सरकार और 22 करोड़ जनता अब तक 5 अगस्त पर अटकी हुई है। शहबाज शरीफ सरकार के शह पर एजेंडा चलाने में लगे हैं। इसरो के मुताबिक करीब 23 दिन की और यात्रा करने के बाद चंद्रयान 3 चांद की सतह पर लैंड करेगा। बता दें कि चंद्रयान 3 को 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। चंद्रयान 3 ने 1 अगस्त को पृथ्वी के चारो ओर परिक्रमा पूरी कर ली है। पृथ्वी की कक्षा से बाहर जा चुके चंद्रयान 3 को अभी चांद तक पहुंचने के लिए 3.8 लाख किलोमीटर की यात्रा और करनी है। इसरो का कहना है कि लूनर ऑर्बिट इंसर्न की 5 अगस्त की योजना बनाई गई है।

### 23 अगस्त, शाम 05.47 बजे चांद पर उतरेगा चंद्रयान-3

अगर सबकुछ योजना के अनुसार रहा तो लेंडर विक्रम 23 अगस्त को शाम 5ऱ47 बजे चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। यानी अगर इस तरह देंखे तो 23 अगस्त बुधवार का दिन देश के लिए सबसे अहम रहेगा। हम सभी की निगाहें चंद्रयान पर अटकी होंगी। हम सभी ये प्रार्थना कर रहे होंगे कि वो सकुशल चांद की सतह पर उतर आए। ये भारतीय अंतरिक्ष मिशन का ऐसा क्षण होगा, जिसमें सफलता के बाद इसरो के लिए बहुत कुछ बदल जाएगा।

## 9 अगस्त पाकिस्तान के लिए बड़ा दिन...होगा ये ऐलान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने 9 अगस्त को नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। यह निर्णय संसद के सदस्यों के सम्मान में रात्रिभोज में संसदीय नेताओं से मुलाकात के बाद आया, जहां देश की राजनीतिक स्थिति पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान, पीएम शहबाज ने सांसदों से इनपुट मांगा और कार्यवाहक प्रधानमंत्री और कार्यवाहक सेटअप की व्यवस्था पर चर्चा की।

9 अगस्त को प्रधानमंत्री शरीफ नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए राष्ट्रपति को औपचारिक सलाह भेजने वाले हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, विघटन को प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रपति को 48 घंटों के भीतर सलाह पर हस्ताक्षर करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, यदि किसी भी कारण से राष्ट्रपति सलाह पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तब विधानसभा स्वचालित रूप से भंग हो जाएगी। इसके अलावा, प्रधान मंत्री शहबाज़ ने आश्वासन दिया कि विपक्ष के साथ तीन दिनों के परामर्श के बाद, वह कार्यवाहक प्रधान मंत्री का नाम राष्ट्रपति को सौंपेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, अगर कोई समझौता नहीं होता है, तब पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) हस्तक्षेप करेगा और प्रस्तावित नामों में से कार्यवाहक प्रधान मंत्री पद के लिए एक उम्मीदवार को नामित करेगा। विशेष रूप से, उन्होंने देश की प्रगति के लिए आर्थिक स्थिरता के महत्व को रेखांकित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ सफल वार्ता पर प्रकाश डाला। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान में आगामी चुनाव 2023 की डिजिटल जनगणना के आधार पर होने हैं।

## चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में अमेरिका के दो नौसैनिकों पर आरोप

**सैन डिएगो (एजेंसी)।** अमेरिका के दो नौसैनिकों पर चीन को संवेदनशील सैन्य जानकारी प्रदान करने के आरोप लगाए गए। इन जानकारियों में युद्धाभ्यास, नौसैनिक अभियान और महत्वपूर्ण तकनीकी वस्तुओं से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। कैलिफॉर्निया के दोनों नौसैनिकों पर चीन को संवेदनशील खुफिया जानकारी देने के अलग-अलग मामले दर्ज हुए हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या एक ही चीनी खुफिया अधिकारी ने एक बड़ी साजिश के तहत दोनों को रिश्वत का भुगतान किया था। संघीय अधिकारियों ने सैन डिएगो में यह बताने से मना कर दिया कि आरोपी नौसैनिक एक-दूसरे से परिचित हैं या नहीं।

नौसैनिकों ने सैन डिएगो और लॉस एंजिलिस की संघीय अदालतों में खुद को निर्दोष बताया। दोनों को आठ अगस्त को उन्हीं के शहर में होने वाली सुनवाई तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने चीन सरकार की ओर से की जा रही कथित जासूसी को लेकर वर्षों से चिंता जाहिर की है। पिछले कुछ वर्षों में बीजिंग के कई खुफिया संस्थानों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। आरोप है कि इन संस्थानों ने अवैध हैकिंग के जरिये संवेदनशील सरकारी और वाणिज्यिक जानकारी चुराई है। सैन डिएगो स्थित यूएसएस एसेक्स में तैनात 22 वर्षीय नौसैनिक जिनचाओ वेई को बुधवार को जहाज पर चढ़ते समय गिरफ्तार किया गया। उस पर एसेक्स और अन्य युद्ध पोतों पर मौजूद हथियारों एवं विमानों की जानकारी साझा करने के आरोप लगाए गए हैं।

अभियोजकों ने दावा किया कि चीन को खुफिया जानकारी उपलब्ध कराने के बदले वेई को बीते एक साल में 10 से 15 हजार अमेरिकी डॉलर की रिश्वत मिली। दोषी करने होने पर सैनिक को उम्रकैद की सजा हो सकती है। वहीं, सैन डिएगो के उत्तर में स्थित नौसेनिक अड्डे वेंचुरा काउंटी में तैनात 26 वर्षीय वेनहेंग झाओ पर अगस्त 2021 से मई 2023 के बीच एक चीनी अधिकारी से अमेरिकी नौसैनिक अभ्यास योजनाओं और परिचालन आदेशों से जुड़ी जानकारियों के अलावा अहम उपकरणों की तस्वीरें एवं वीडियो साझा करने के आरोप लगाए गए हैं, जिसके बदले उसे कथित तौर पर 15,000 अमेरिकी डॉलर की रिश्वत मिली।

# सऊदी अरब की परमाणु प्लांट की मांग को लेकर इजराइली अधिकारी चिंतित

**रियाद (एजेंसी)।** इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन के आला अधिकारी की तरफ से सऊदी अरब को लेकर चेतावनी दी गई है। अधिकारी के अनुसार सऊदी अरब की ओर से परमाणु प्लांट की मांग को मंजूरी दिए जाना इस क्षेत्र के लिए खतरनाक साबित होगा है। सऊदी इजरायल के साथ एक सामान्य समझौते के तहत इस प्लांट के तहत मंजूरी मांगी गई है। अधिकारी के माने तब यह मंजूरी खाड़ी क्षेत्र में परमाणु रेस के लिए जिम्?मेदार हो सकती है। एरियल (एली) लेविटे साल 2002 से 2007 तक इजरायल के एटॉमिक एनर्जी कमीशन के डिप्?टी डायरेक्टर रहे हैं। वह इस समय सऊदी अरब की परमाणु महत्वाकांक्षा को लेकर थोड़े चिंतित है। उनका कहना है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की तरफ से कितनी गारंटी दी जाती हैं। उन्होंने यह बात एक इंटरव्यू में कही है। सऊदी अरब ने तीन शर्ते रखी हैं, जिसके बाद ही वह इजरायल के साथ सामान्यीकरण समझौता साइन करेगा। जो शर्ते सऊदी के तहत रखी गई हैं, उसमें पहली है, अमेरिका की एडवांस्ड डिफेंस टेक्नोलॉजी जैसे कि थाड मिसाइल सिस्टम तक पहुंच हासिल होना, अमेरिका के साथ एक रक्षा गठबंधन की स्थापना और असैन्य मकसद से एक परमाणु प्लांट की मंजूरी। परमाणु प्लांट में यूरेनियम को संवर्द्धित किया जाता है और इससे ही परमाणु बम बनता है। इसकारण सऊदी अरब की मांग थोड़ा आशंकित करने वाली है। सऊदी अरब की आखिरी शर्त पर इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) तजाची हानेग्बी ने कहा है कि परमाणु प्लांट के लिए इजरायल की मंजूरी जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, दर्जन भर देश असैन्य परमाणु कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। इसकी वजह से इजरायल या फिर उसके पड़ोसी खतरे में नहीं आएंगे। उनका कहना है कि यह मुद्दा पूरी तरह से अमेरिका और सऊदी अरब के बीच होगा। वहीं लेविटे की मानें तब एनर्जी प्रोडक्शन के लिए परमाणु रिएक्टर्स में तब तक कोई समस्या नहीं आती है जब तक कि उनका उचित रखरखाव किया जाता है। हालांकि उन्होंने आगाह भी किया, कि अगर किसी तरह से सुरक्षा विफल होती है, तब फिर पर्यावरण पर भारी असर पड़ सकता है। उन्होंने चेरनोबिल और फुकुशिमा का उदाहरण दिया है। उनका कहना था कि अगर सऊदी अरब एक रिएक्टर बनाता है, तब वह सिर्फ परमाणु रिएक्टर को लाल सागर के करीब ही निर्मित करेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि एक रिएक्टर को ठंडा करने के लिए बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत होती है। लेकिन अगर वहां कोई आपदा या आतंकवादी हमला होता है, तब यह कोई साधारण बात नहीं होगी। इसका असर इजरायल सहित पूरे मीडिल ईस्?ट पर पड़ेगा। लेविटे ने कहा कि इजरायल एक नागरिक रिएक्टर को मिलिट्री मकसद के लिए परिवर्तित किए जाने की आशंका को लेकर भी चिंतित है।

## बगावत से डरे जिनपिंग ने चीन की परमाणु फोर्स में किया बड़ा बदलाव

बीजिंग । बगावत से डरे जिनपिंग ने चीन की परमाणु फोर्स में बड़ा बदलाव किया है । जानकारी मिली है कि चीन ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी में बड़ा बदलाव करके पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है । दुनियाभर के रक्षा विशेषज्ञ चीन के इस कदम पर हैरानी जता रहे हैं । खबर है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने परमाणु हथियारों वाली स्पेशल यूनिट के दो टॉप लीडर्स को पद से हटाकर नए लोगों को नियुक्त किया है । इसके कारण रॉकेट फोर्स के आंतरिक कामकाज पर सवाल उठ रहे हैं । जिनपिंग ने अपने परमाणु हथियारों की जिम्मेदारी वांग ह्युबिन को सौंप दी है । वह 2020 तक चीन की नौसेना के डिप्टी कमांडर रहे हैं । अब उन्हें चीनी सेना की रॉकेट फोर्स की जिम्मेदारी दी गई है । पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ( पीएलए) रॉकेट फोर्स यूनिट का नेतृत्व करने वाले जनरल ली युचाओ और उनके डिप्टी महीनों के लिए गायब हो गए थे । हालां ?कि अब पूर्व उप नौसेना प्रमुख वांग हाउबिन और पार्टी केंद्रीय समिति के सदस्य जू ज़शिंग को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था । यह लगभग एक दशक में बीजिंग के सैन्य नेतृत्व में सबसे बड़ा अनियोजित झटका है । मी ?डिया रिपोर्ट के अनुसार, वांग हुबिन पहले नौसेना के डिप्टी कमांडर थे, अब जनरल रैंक के साथ रॉकेट फोर्स के कमांडर हैं । रिपोर्ट में कहा गया है कि जू ज़शिंग अब रॉकेट फोर्स के राजनीतिक कमिश्नर हैं । उन्होंने पहले वायु सेना के दक्षिणी थिएटर कमांड में कार्य किया था । एमआईटी विशेषज्ञ एम टेलर फैवेल ने कहा कि 40 वर्षों में यह पहली बार है कि शीर्ष भूमिका रॉकेट यूनिट के बाहर से किसी को दी गई है । बाहरी व्यक्ति की नियुक्ति अक्सर तब होती है जब विभाग के प्रबंधन के बारे में गंभीर चिंताएं होती हैं ।

# अंजू के बदले सुर...पता नहीं भारत के लोग पाकिस्तान से इतना खौफ क्यों खाते



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अंजू और नसरुल्लाह अपनी लव स्टोरी के साथ खुलकर सामने आ गए हैं। दोनों पाकिस्तानी मीडिया को इंटरव्यू दिया। जहां रिपोर्टर अंजू को फातिमा नाम से संबोधित किया हैं। अंजू ने कहा कि मुझे बच्चों की याद आती है और वह उन्हें हासिल करके रहेगी। पाकिस्तान जाकर अंजू के सुर बदले हुए नजर आ रहे हैं। उसका कहना है कि पता नहीं क्यों भारत में लोग पाकिस्तान का नाम सुनकर खौफ में आ जाते हैं, मुझे तब यह नाम सुनकर खुशी हुई थी।

नसरुल्लाह से पूछा, आप दोनों में कैसे प्यार हुआ जो अंजू अपना परिवार और देश छोड़कर पाकिस्तान आ गई? नसरुल्लाह ने बताया, सबकुछ अचानक हुआ, हमारी दोस्ती फेसबुक पर हुई, इसी दौरान मैंने अंजू को रिलेशनशिप आगे बढ़ाने का ऑफर दिया और यह भी मान गई। अंजू से रिपोर्टर ने पूछा कि अब आपका नाम फातिमा है, आपकी दोस्ती कैसे हुई? अंजू ने बताया, यह कोविड टाइम के बाद की बात है। हम बिजनेस के सिलसिले में बात करते थे। जब इन्होंने बताया कि मैं पाकिस्तान से हूं, तब मैं काफी उत्सुक हुई।

अंजू ने बताया, हमारी बातें होती रहीं और दोस्ती गहरी हो गई। फिर हम व्हाट्सएप पर बात करने लगे। फिर हमने मिलने का प्लान बनाया लेकिन हमें कुछ पता नहीं था। इन्होंने यहां कोशिश की और मैंने वहां प्रयास किए और इस तरह हम मिल पाए। अंजू ने कहा, मुझे बच्चों की याद आती है और मैं उन्हें हासिल करके रहूंगी। रिपोर्टर ने पूछा, भारत की मीडिया में आपके बारे में जो बातें की जा रही हैं, उनके बारे में आपका क्या कहना है?

अंजू ने कहा, पहले किसी को कोई परवाह नहीं थी लेकिन अब जब मैं मीडिया में आ गई हूं, तब सबको बच्चों से लेकर पति नजर आ रहा है। मीडियावाले पहले अपने घर-बच्चों को देख लें। जो भी दिखाया जा रहा है, उनमें ज्यादातर अफवाहें हैं सिर्फ 1 प्रतिशत चीजें सच हैं। नसरुल्लाह ने बताया कि घरवालों को यकीन नहीं हो रहा था कि अंजू आएगी। उन्हें यह मजाक लगता था। नसरुल्लाह ने बताया कि अंजू से जब पहली बार व्हाट्सएप पर बात हुई, तब अंजू ने सीधे वीडियो कॉल कर दी। अंजू ने कहा, मैं यह सुनकर एक्साइटेड हो गई कि नसरुल्लाह पाकिस्तान से हैं। मैं भी इंडिया में रही हूं, पता नहीं क्यों भारत के लोगों में पाकिस्तान को लेकर खौफ है। मुझे पाकिस्तान का नाम सुनकर कोई खौफ नहीं आया और मैं एक्साइटेड हुई।

# रिश्वत का पैसा लेते खाद्य अधिकारी कैमरे में हुआ कैद

## आखिर यह रिश्वत की प्रथा कब होगी खत्म..तनख्वाह के बावजूद लोक सेवक रिश्वत को ही क्यों मान रहें हैं अपना अधिकार?

» पेट्रोल पंप संचालक से रिश्वत की हुई थी मांग

» छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार का लगातार सामने आ रहा कारनामा,हर शासकीय विभाग में जारी है भ्रष्टाचार

» भ्रष्टाचार पर लगाम लगा पाने में सरकार भी लगातार हो रही नाकाम,प्रदेश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022

(घटती-घटना)। शासकीय दफ्तरों के शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा रिश्वत मांगने व लेने की बात आम हो चली है, छत्तीसगढ़ में तो इस तरह के भ्रष्टाचार ने हद ही पार कर दी है,शिक्षा विभाग में करोड़ों का भ्रष्टाचार और उसपर कार्यवाही अभी जारी ही थी की अब कोरिया जिले से नई खबर सामने आई है जहां रिश्वत लेते अधिकारी कैमरे में कैद हुए हैं, प्रदेश में शासकीय अधिकारी कर्मचारी को रिश्वत लेने में अब डर भी नहीं लगता क्योंकि यह भी जानते हैं कि कार्यवाही तो कुछ होने नहीं है, जिस वजह से रिश्वत के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे, सरकार भी इस पर पाबंदी नहीं लगा पा रही है या कहा जाए तो सरकार भी रिश्वतखोर कर्मचारी व अधिकारियों के सामने नतमस्तक है या फिर उन्हीं के सह पर यह सब हो रहा है? एक बार फिर कोरिया जिले से रिश्वत लेने का मामला सामने आया है, इस बार कोरिया जिले के खाद्य अधिकारी रिश्वत लेते कैमरे में कैद हो गए। खाद्य अधिकारी इतने रिश्वत के भूखे हैं कि रिश्वत के पैसे को भी पूरी तरीके से गिन के पूरे होने पर ही उन्होंने पैसे को लिया, नोट कम ना हो इसलिए सामने गिनवा कर लिया।

जानकारी के मुताबिक पेट्रोल पंप संचालक को डरा कर कि उनके पेट्रोल पंप पर कार्यवाही हो जाएगी और यह कार्यवाही भी इसलिए हो जाएगी क्योंकि उन्होंने एसडीएम के वाहन में डीजल डालने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद एसडीएम का डर दिखाकर खाद्य अधिकारी पेट्रोल पंप संचालक से 20000 की डिमांड करते हैं, साहब का डिमांड फ़िलहाल 20 हजार रूपये का रहा, पर इन्हे 20 मिंनट के भीतर दस हज़ार रूपये दिए गए, साहब जेब में रख लिए। संचालक का कहना था की एसडीएम बैकुंठपुर की सरकारी गाडीयों में डीजल - पेट्रोल डलवा तो लिया जाता है परन्तु सरकारी बिल सरकारी तरीके से पास होता है, जिससे थककर इन्होने एसडीएम बैकुंठपुर की शासकीय गाड़ी में पेट्रोल देने में असहमति जताई थी, बाद में जिले के खाद्य अधिकारी व्ही एन शुक्ला ने यह कहकर इन्हे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया की मेडम नाराज हैं पर हम आपकी मदद करेंगे फिलहाल 20 हज़ार पहुंचा दो, पेट्रोल पम्प संचालक का कहना है की 60 हजार रिश्वत के तौर पर कुछ माह पहले ही इन्होने खाद्य अधिकारी को दिया था, अब फिर से 20 हजार देने कहा गया, इनका पेट इनके सैलरी से नहीं भरता यह भी कहा जा सकता है। पेट्रोल पंप में जाकर जिन वजहों से पंप के मालिक को परेशान किया गया, संचालक को परेशान भी इसलिए किया गया की वो बिल यदि हाथ से बना है तो कार्रवाई तय है , स्टॉक का डिटेल यदि हिंदी में लिखा है या इंग्लिश में तो भी कार्रवाई तय है, ऐसे-ऐसे मामलों में यदि पम्प संचालकों से खाद्य अधिकारी वसूली करते हैं तो अंदाजा लगाइए जो सीधे पेट्रोल में मिलावट कर पेट्रोल बेचते हैं उनसे इनका महीने में कितना रिश्वत तय होगा? बहरहाल ये विडियो देखकर कुछ लोगों को यह भी याद आ गया होगा की अभी हाल में इसी कोरिया जिले में एक महिला पटवारी का रिश्वत लेने का ऑडिओ और उसके पहले एक और पटवारी का विडिओ भी सामने आया था, ये सभी घटनाएं ये बताने के लिए पर्याप्त हैं की इस जिले में क्या कुछ चल रहा है वैसे प्रदेश में शिक्षा विभाग का कारनामा भी नया ही है और कुल मिलाकर कहा जा सकता है की प्रदेश में ही व्यवस्था रिश्वत के भरोसे है और अधिकारी बिना रिश्वत काम नहीं करना चाहते और इसमें उन्हे शर्म भी नहीं आती, कोरिया विकास की नई गाथा लिख रहा है।

### प्रदेश में भ्रष्टाचार है चरम पर, हर विभाग में जारी है भ्रष्टाचार

कोरिया जिले में खाद्य अधिकारी का रिश्वत लेते विडियो समाने आने के बाद जिले में रिश्वत लेने के मामले में इजाफा हुआ है,आए दिन ऐसी खबरे बताती हैं की बीन रिश्वत अधिकारी काम नहीं करते साथ ही रिश्वत नहीं देने पर वह परेशान अलग करते हैं। प्रदेश में शिक्षा विभाग का बड़ा भ्रष्टाचार जहां हाल ही में समाने आया था उसके बाद यह मामला सिद्ध करने काफी है की प्रदेश में भ्रष्टचार चरम पर है।

### वेतन लेने वाले अधिकारी रिश्वत को समझते हैं अधिकार,क्या रिश्वत लेना है उनका कानूनी अधिकार?

प्रदेश में रिश्वत के मामले साथ ही भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहें हैं,इन खबरों से यह लगने लगा है की क्या अधिकारी जो शासन से वेतन प्राप्त करते हैं वह रिश्वत को अपना अधिकार मानते हैं,क्या उन्हे इसके लिए छूट मिली हुई है। रिश्वत के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहें हैं और अब रिश्वत मांगने वाले शर्म हया लाज भी भूल चुके हैं उन्हे केवल अपनी गर्म जेब चाहिए जिससे वह अपनी सुख सुविधा अपने घर परिवार की सुख सुविधा बढ़ा सकें भले इसके एवज में वह अपना ईमान ही बेच डालें। प्रदेश में रिश्वत लेने को कानूनी अधिकार मिल गया है ऐसा भी अब प्रतीत होने लगा है क्योंकि रिश्वत लेने वालो का मनोबल बढ़ा हुआ है।

### वेतन भत्ते से नहीं भर रहा क्या अधिकारियों का पेट,नहीं कर पा रहे परिवार का भरण पोषण अधिकारी?

रिश्वत के बढ़ते मामलों के बीच यह भी सवाल उठ रहा है की क्या प्रदेश में अधिकारी रिश्वत बिना परिवार पलने में असमर्थ हो चुके हैं क्या उनका और उनके परिवार का भरण पोषण वेतन भत्तों से नहीं हो पा रहा है जिसकी वजह से उन्हें रिश्वत लेना पड़ रहा है। अब सच्चाई जो हो लेकिन शर्म हया सब छोड़कर जिस तरह प्रदेश में रिश्वत लेने अधिकारी तत्पर नजर आ रहे हैं लगता है वह शासकीय सेवा में रिश्वत लेने ही आए हुए हैं और उनके परिवार को भी रिश्वत के पैसों से ही सुख सुविधा मिल पा रहा है।

### पहले रिश्वत लेना होता था झिझक और शर्म का काम, अब माना जा रहा है अधिकार

पहले रिश्वत लेना शर्म का और झिझक का काम माना जाता था और बड़ी मुस्किल से कोई रिश्वत मांगने की हिम्मत कर पाता था अब ऐसा लगने लगा है की यह रिश्वत मांगने और लेने वालो का अधिकार हो गया है और वह बड़ी बेशर्मी से इसको अंजाम दे रहे हैं।

### भ्रष्टाचार सहित रिश्वत से अधिकारी बन रहें हैं धनकुबेर,क्या कर रहा है सतर्कता विभाग

प्रदेश में अधिकारी रिश्वत और भ्रष्टाचार के पैसे से धनकुबेर बनते जा रहें हैं,आए दिन उनकी संपत्ति बढ़ती चली जा रही है ऐसे में सवाल यह उठता है की सतर्कता विभाग क्या कर रहा है। अधिकारियों की संपत्ति में हो रहे इजाफे को लेकर सतर्कता विभाग क्यों संज्ञान नहीं ले रहा है। सतर्कता विभाग यदि ध्यान देता प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले इतने बड़े पैमाने पर सामने नहीं आते।

### अधिकारी कर्मचारियों की संपत्ति की हो जांच,भ्रष्टाचार के बड़े बड़े मामले आ सकते हैं

सामने प्रदेश में यदि अधिकारियों की संपत्तियों की जांच की जाए तो भ्रष्टाचार के बड़े बड़े मामले सामने आ सकते हैं। किस तरह अधिकारियों की संपत्ति में इजाफा हो रहा है कैसे इजाफा हो रहा है यह जांच का विषय होना चाहिए वरना अब वह दिन प्रदेश में दूर नहीं जब रिश्वत भी एक शुल्क के रूप में तय कर दिया जायेगा जो अभी भी लिया तो जा रहा है लेकिन तब और अधिकार के साथ लिया जाएगा।

# कोरिया कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र में छात्रावासों के मेस बंद,खाने में आ रही दिक्कत

» प्रबंधन पर अव्यवस्था का आरोप,कॉपरेटिव मेस चलाने को मजबूर अध्ययनरत बच्चे

» अचानक मेस हुआ बंद,बाहर से खाना मंगाने की अनुमति नहीं और ना ही बनाने की अनुमति, कॉपरेटिव मेस चलाने के लिए मजबूर हुए बच्चे




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022

(घटती-घटना)। कोरिया जिला में स्थित स्व. डॉ रामचन्द्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय व अनुशासन केंद्र में बालक और कन्या दोनो छात्रावासों में अचानक मेस बन्द कर दिया गया है, जिससे बच्चों के सामने खाने की समस्या उत्पन्न हो गई, पर इस बात से प्रबंधन को कोई लेना देना नहीं, जहां पर तत्काल मेस की व्यवस्था करनी चाहिए थी, वहां पर पल्ला झाड़ते हुए छात्रों पर ही इसका बोझ डाल दिया गया, सूत्रों के अनुसार ना तो छात्रों को बाहर से खाना मांगने की अनुमति है और ना ही छात्रावास में खाना बनाने की, इसके बाद उनके सामने कॉपरेटिव मेस की समस्या खड़ी कर दी गई, कॉपरेटिव मेस बच्चों पर थोपा गया है पर प्रबंधन पर बात ना है इसलिए प्रबंधन ने बच्चों से लिखवा लिया है यह बात कुछ बच्चे ने नाम न बताने की शर्त पर बताई। बताया जा रहा है कि अब छात्र स्वयं कॉपरेटिव मेस चला रहे है जबकि छात्रों की माने तो ये काम वे मजबूरी करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार स्व डॉ रामचन्द्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय व अनुशासन केंद्र का मेस बन्द है, पुर्व में जो मेस का संचालन हो रहा था उससे छात्र नाखुश थे उन्हें सही भोजन नही दिया जा रहा था जिससे वो नाराज थे, बताया जा रहा है मेस बन्द होने की स्थिति में महाविद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ठ निर्देश दे दिए थे कि बाहर से भोजन नही आएगा और न ही छात्र भोजन बनाएंगे, जिसके बाद बालक और कन्या छात्रावास के सभी छात्रों ने खुद पैसे एकत्रित कर मेस चलाने का प्लान किया, जिसके बाद अब उसे कॉपरेटिव मेस कह कर बताया जा रहा है।

### कृषि महाविद्यालय के डीन की भी बहुत दिन से आ रही शिकायत

कृषि महाविद्यालय के डीन की भी शिकायतें कम नहीं है इनकी मनमानी चरम पर है कई तरह से व्यवस्थाओं को लेकर इनकी शिकायतें सामने आ रही थी, खासकर इनका शासकीय वाहन से अपने घर लखनपुर जाने की बात तो आम हो चली है, व्यवस्थाओं पर इनका बिल्कुल ध्यान नहीं होता यह माना जाए कि कृषि महाविद्यालय भगवान भरोसे चल रहा है, डीन का जो दायित्व होता है उससे वह किनारे हैं जिस वजह से अव्यवस्था का आलम भी सामने आ रही है, बच्चों के लिए जहां तत्काल अच्छे मेस की व्यवस्था करनी थी वहां पर बच्चों को कॉपरेटिव मेस के परेशानियों में ढकेल दिया गया और उनसे लिखवा कर अपना पल्ला झाड़ते दिख रहे हैं।

### छात्रों को खाना पसंद नही आया

वही स्व डॉ रामचन्द्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय व अनुशासन केंद्र का अनुसंधान केंद्र के डीन का कहना है कि पहले मेस चल रहा था परंतु छात्रों को खाना पसंद नही आया और उसकी दर भी उन्हें ज्यादा लग रही थी, जिसके सभी ने लिखित देकर स्वयं मेस चलाने को कहा, अब कॉपरेटिव मेस का संचालन किया जा रहा है।

# संविदा कर्मचारी की भविष्य की सुरक्षा के लिए कदम उठाए छत्तीसगढ़ सरकार:महेश प्रसाद

-संवाददाता-
चिरीमिरी 04 अगस्त 2022

(घटती-घटना)। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विधान सभा प्रत्यासी महेश प्रसाद ने संविदा कर्मचारी को लेकर कहा सरकार दबाव बनाकर संविदा कर्मचारियों को हड़ताल खत्म करवा दिया गया है सरकार इनकी मांगे पूरी करे पहले सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करे लगातार हो रहें सरकार के खिलाफ़ प्रदर्शन बताता है कि सरकार अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रही है आज़ादी को 75 वर्ष गुज़र गए मगर देश का विकास नहीं कर पाया शराब बंदी के नाम पर गंगा जल छू कर वादा करने वाली सरकार पहले शिक्षको फिर डाक्टरों और अब संविदा कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन यह जताता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने लोगो को जो वादा किया था, जिस भरोसे के आधार पर जनता ने कोंग्रेस को चुना था। उसमे सरकार पुरी तरह फेल हो चुकी है। भुपेश सरकार ने एक वर्ग को अच्छी खासी सौगात देकर अपनी सरकार को अच्छी सरकार बताई लेकीन वही देखे की दूसरे पक्ष के साथ इसी सरकार ने पक्ष पात किया है। विधायको को आज जहां लाखों का वेतन एवं भत्ता दिया



जा रहा है पेंशन दिया जा रहा है वही संविदा कर्मचारियों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। जहां उनके पास ना तो वेतन है और न ही पेंशन की कोई व्यवस्था ऐसे में एक संविदा कर्मचारी अपने जीवन में अपने भविष्य को किस प्रकार सुरक्षित कर पायेगा इसकी चिंता अब एक संविदा कर्मचारी को सताने लगी है इससे पूर्व में कई वर्गो ने आन्दोलन के माध्यम से सरकार का विरोध किया और अंत में सरकार को भी इन सभी वर्गो की बातों को मानना पड़ा जहां आज लगभग पूरी प्रशासनिक कार्यप्रणाली संविदा कर्मचारियों पर टिकी हुई है। वही सरकार द्वारा अब तक संविदा कर्मचारियों का शोषण ही किया है। ना तो उनके पास अच्छी सुविधाएं हैं ना ही अच्छा वेतन और ना ही पेंशन की कोई ऐसी सुविधा जिससे वे अपने भविष्य की चिंता से मुक्त हो सकें।

# पर्यटन स्थल बालमपहाड का हुआ सौंदर्यीकरण...भाजयुमो की पहल लायी रंग...



-रवि सिंह-
कोरिया/सोनहत 04 अगस्त 2022

(घटती-घटना)। जिले के गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान सोनहत अन्तर्गत बालम पहाड पर भाजयुमो की मांग पर सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है जिसके बाद भाजयुमो ने सासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब हो कि बालमपहाड पर्यटन स्थल के रूप में वर्षो से विकसित होते आ रहा है और इसे देखने दूर-दूर से सैलानी आते है. परंतु यहां पर सुविधाओं का आभाव पूर्व से रहा है जिसे लेकर भाजयुमो नेता मनोज साहू रमेश तिवारी दिलीप राजवाड़े नीरज पटेल तथा अन्य ने दो वर्ष पहले एसडीएम को ज्ञापन देकर व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की थी, भाजयुमो नेताओं की मांग को दैनिक घटती घटना ने प्रमुखता से प्रकाशित खबर प्रकाशित किया था, जिसका असर देखने को मिला और आज बालमपहाड पर्यटन स्थल में डेंजर जोन पर लकड़ी की रेलिंग व चढ़ाई पर सीढ़ियों का काम पुरा कर दिया गया है, जिससे वहां पर होने वाले असुविधा व खतरे की संभावना कम हो गई है, हालांकि पिने युक्त पानी व पक्की सड़क की मांग अभी तक नहीं हो पाई है लेकिन यह मांग भी जल्द पूर्ण होगी।

### प्रकृति से भरपूर है बालमगढ़ी

आपको बता दें कि बालमपहाड के नाम से मशहूर यह बालमगढ़ी प्रकृति से भरपूर व मन को मोहित करने वाला स्थान है, पहाड़ों के उपर पार्क क्षेत्र में स्थित इस पर्यटन स्थल के उपर से पहाड़ों का नजारा देखने लायक रहता है, उपर से कुछ गांव भी दिखते है. पिछले कुछ सालों से यह स्थान काफी ज्यादा मसहूर हुआ है जिससे प्रति महीने इसे देखने व पिकनिक तथा फोटोसेशन के लिए लोग यहां भारी संख्या में आते रहते हैं।

# एनएसयूआई द्वारा चलाये जा रहे माई फर्स्ट वोट फॉर कांग्रेस अभियान को राहुल ने सराहा





-सवांददाता-
मनेन्द्रगढ़ 04 अगस्त 2022

(घटती-घटना)। दिल्ली के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी भवन में आयोजित दो दिवसीय एनएसयूआई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में छत्तीसगढ़ एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय भी शामिल हुए। बैठक में पूर्व सांसद राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में एनएसयूआई द्वारा चलाए जा रहे बात है स्वाभिमान के हमर पहली मतदान के (माई फर्स्ट वोट फॉर कांग्रेस) अभियान की राहुल गांधी ने सराहना करते हुए एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन को इस अभियान को देश के हर प्रदेश में चलाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से लौटकर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने बताया कि दो दिनों तक चली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश में छात्र हितों के चल रही योजनाओं की तारीफ राहुल गांधी, आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल, एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन व प्रभारी कन्हैया कुमार ने भी की। नीरज पांडे ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही छात्र हित की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किसी भी वर्ग के छात्रों से कोई फीस नहीं ली जा रही है। वही छत्तीसगढ़ के आत्मानंद स्कूल आज अन्य राज्यो के लिए मिसाल बन रहे है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दे रही है। ताकि रोजगार पाने के लिए युवाओं को किताबे खरीदने में दिक्कत न हो। एनएसयूआई की मांग पर छत्तीसगढ़ में कोरोना काल मे आनलाइन एग्जाम और प्रदेश भर के महाविद्यालयों में 16 हजार सीटों की वृद्धि हुई।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 / अ-2/ 2022-23

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार गुप्ता पिता बनारसी गुप्ता जाति तेली ग्राम/नगर गोधनपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरगंवा तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 386/8 रकबा 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 15/08/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-पर्री को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता त्रिपाठी पति कृष्णमणि त्रिपाठी, जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम शिवनंदपुर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ0ग0) ने अपनी स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-पर्री, प0ह0नं0 06, रा.नि.मं. बसदेई, तहसील सूरजपुर स्थित, स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्र. 835/4 रकबा 0.040 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त सम्बंध में ग्राम-सूरजपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 16/8/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/08/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202307020700057**

**विषयः-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

**गंगापुरखुर्द प.ह.न. 00021**
**[6/3(0.0210हे0)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-पूर्णा राजवाड़े ,**
**अनावेदक पक्षकार- चन्द्रावती,**

**ईश्तहार**

आवेदक पूर्णा राजवाड़े पति रविन्द्र प्रताप राजवाड़े, निवासी वार्ड नंबर 10 सिविल कॉलोनी नेहरू पार्क के सामने केतका रोड, सूरजपुर, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 6/3 में से रकबा 0.021 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्टमें प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/08/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**नाम परिवर्तन सूचना**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पुराना नाम PRAHALAD KUMAR GUPTA पिता दिनेश प्रसाद गुप्ता अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम PRAHLAD KUMAR GUPTA पिता दिनेश प्रसाद गुप्ता निवासी,एम.जी.रोड, वार्ड न-11, नियर होली क्रॉस आशानिकुंज स्कूल, पटपरिया, अम्बिकापुर सरगुजा, छत्तीसगढ़ - 497001, रख लिया हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में नया नाम PRAHLAD KUMAR GUPTA पिता दिनेश प्रसाद गुप्ता से जाना एवं पहचाना जाय।

**शपथ कर्ता**
**नामः- PRAHLAD KUMAR GUPTA**
**पता-एम.जी.रोड,वार्ड नं. 11 नियर होली क्रॉस आशानिकुज स्कूल पटपरिया अम्बिकापुर,सरगुजा छ0ग0 497001**

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202308021200... / अ-6/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन लाल गोयल आ0 स्व0 रामस्वरूप दास गोयल, जाति-अग्रवाल, निवासी-नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक अरूणेश्वर शरण सिंहदेव आ0 मदनेश्वर शरण सिंहदेव, जाति क्षत्रीय, निवासी-कोठीघर,नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा द0ग0 के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 11 के, मोहल्ला-लखनपुर रोड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3196/4818 रकबा 1.57 एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट नजूल प्लॉट 3196/4818 रकबा 1.57 एकड़ में से रकबा 9.9×22=218 वर्गफीट भूमि पर निर्मित सिर्फ दुकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 01/05/1991 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता- सत्यनारायण अग्रवाल आ0 स्व0 हरदेव दास अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 01/05/1991 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बावत आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा,/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-21/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा,/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-04/08/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# पदभार ग्रहण करने बाद जिला मुख्यालय पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक

## बेहतर पुलिसिंग कर अपराधों पर करेंगे नियंत्रणः अंकित गर्ग



-संवाददाता-
सूरजपुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

सरगुजा के रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग शुक्रवार को जिले के दौरे पर थे । पदभार भार ग्रहण करने के पश्चात पहली मर्तबा सुरजपुर जिला मुख्यालय पहुंचे थे । यहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि जिले सहित रेंज में कानून व्यवस्था बहाल रहे । साथ ही आगामी चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना उनकी प्राथमिकता होगी।



श्री गर्ग ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि रेंज में सूचना तंत्र मजबूत कर बेहतर पुलिसिंग कर अपराधो पर नियंत्रण रहे। सुरजपुर पुलिस के कार्यों की प्रसंशा आई जी गर्ग ने सुरजपुर पुलिस के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि यहां के पुलिस अधीक्षक कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पुलिस ऑफिसर है समीक्षा के दौरान पाया गया कि इनके द्वारा किए गए कार्यवाही संतोजनक है आगे भी और बेहतर कार्य करने की उम्मीद करते है साइबर अपराध पर जन जागरूकता आवश्यक । आईजी ने साइबर अपराध को लेकर कहा की इसके लिए जन जागरूकता आवश्यक है। ताकि इसे रोका जा सके। नशे का अवैध कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि उक्त मामले में किसी पुलिस कर्मी संलिप्तता मिली तो उनके खिलाफ न सिर्फ विभागीय कार्यवाही होगी बल्कि उन्हें सह आरोपी बनाया जाएगा। वही जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी थाना चौकी प्रभारियों की बैठक ले आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण बनाए रखने,निगरानी हिस्ट्रीशीट खोलने तथा जिला बदर की कार्यवाही करने का निर्देश



-संवाददाता-
सूरजपुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री अंकित गर्ग (भा.पु.से.) ने जिला सूरजपुर का प्रथम भ्रमण किया गया जहां उन्हें सर्वप्रथम गार्ड ऑन ऑनर दिया गया तत्पश्चात् आईजी सरगुजा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला की मौजूदगी में जिले के राजपत्रित अधिकारी व सभी थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने आईजी सरगुजा को जिले की सामान्य जानकारी से अवगत कराया।

इस दौरान आईजी सरगुजा श्री गर्ग ने थाना-चौकी प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर अपनी प्राथमिकताओं के बारे में अवगत कराया और सभी प्रभारियों से उनके थानों में लंबित अपराधों के बारे में जानकारी ली और विवेचना से जुड़े बारीकियों से अवगत कराते हुए निराकरण के निर्देश दिए साथ ही उनके क्षेत्र की गतिविधियों को जाना, लंबित चिटफण्ड के मामलों की जानकारी लेते हुए मामलों का जल्द निराकरण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए अभी से लग जाए। अपराधियों में पुलिस का भय होना और दिखना चाहिए, अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आपराधिक प्रवत्ति के लोगों के विरूद्ध निगरानी हिस्ट्रीशीट खोली जाए तथा जिला बदर की कार्यवाही कराई जाए, जमीन संबंधी विवाद के मामले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए अनिवार्य रूप से बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही कराई जाए, बेसिक पुलिसिंग करते हुए थाना में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना जाए और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाए जाए एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधों को घटित होने से रोके और पंजीबद्ध मामलों का निकाल तत्परतापूर्वक करें।

आईजी सरगुजा ने नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की रणनीति अपनाते हुए नशे के कारोबार के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साईबर अपराध एवं आमजनता को ठगी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में जरूरी कदम उठाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी एम्मानुएल लकड़ा, सिरिल एक्का, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारीगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराने और अलर्ट रहने के दिये निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)



कलेक्टर सौरभ कुमार ने अपनी पदस्थापना के दूसरे दिन जिले के अंतिम छोर के क्षेत्र पसान, कोरबी-पिपरिया, चोटिया, तानाखार, पोड़ी उपरोड़ा सहित अन्य ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय, तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, स्कूल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आमनागरिकों की समस्याओं को मौके पर सुना जाएं, जो निराकरण योग्य है उसका त्वरित निराकरण किया जाए। अनावश्यक किसी प्रकरण को लंबित न रखा जाए। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को मिले और क्षेत्र के लोग अधिकारियों को जाने, इसके लिए फील्ड विजिट करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत विधानसभा पाली-तानाखार अंतर्गत चिन्हित मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिहित अधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शतप्रतिशत दर्ज हो। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित प्रारूप में नाम जोड़ने, संशोधन आदि की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला तानाखार में मतदाताओं हेतु आवश्यक सुविधाओं के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय और पसान में तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ विभिन्न शाखाओं के निरीक्षण करने के साथ समय-सीमा के भीतर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मॉर्डन रिकार्ड रूम पोड़ी का अवलोकन किया और यहाँ नक्शा नवीनीकरण, ग्रामों के दस्तावेजों सहित अभिलेखों का संधारण, ऑनलाइन पोर्टल में लंबित नामांतरण प्रकरणों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में हो रही अधिक वर्षा को देखते हुए एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अधिक बारिश की स्थिति में सभी अलर्ट रहे। संभावित बाढ़ प्रभावित वाले इलाकों का दौरा करें और यदि किसी प्रकार की आशंका हो तो मुनादी कराएं तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुचाने के साथ आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# महापौर एवं सभापति ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

-संवाददाता-
कोरबा,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)



लगातार दो दिनों से अनवरत हो रही बारिश के कारण निगम क्षेत्र के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है. नदी एवं नहर के किनारे निचले इलाकों में बसे लोगों के घरों में पानी घुसने की शिकायत मिलने पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 16 के कोहड़िया बस्ती के पीपर पारा मोहल्ले में नहर के किनारे बस्ती का दौरा किया। मौके पर पहुंचकर पानी निकासी के लिए पोकलेन मशीन अधिकारियों को बोलकर मंगाया । बस्ती वासियों ने बताया कि बालकों द्वारा राखड़ पाट दिए जाने के कारण प्राकृतिक रूप से जो पानी निकासी का रास्ता था वह अवरुद्ध हो गया जिसके कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई । पोकलेन मशीन से राखड़ हटाने का काम महापौर के आदेश से निरंतर जारी है ढ्ढ इस बीच दो परिवार जो बाढ़ से प्रभावित हैं तथा जिनके घरों में पानी घुस गया उन परिवार के 10 लोगों को निगम द्वारा अस्थाई रूप से स्थापित बाढ़ राहत केंद्र भवानी मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में प्रभावितों को रहने खाने की व्यवस्था की गई है । महापौर ने बाढ़ राहत कार्य में नियुक्त निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सीतामढ़ी सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते रहे और कहीं से भी सूचना मिलती है तो तुरंत पानी निकासी के साथ-साथ प्रभावित जनों के व्यवस्थापन एवं उनके भोजन की व्यवस्था तत्काल किया जाना सुनिश्चित करें।.इस दौरे में महापौर के साथ सभापति श्यामसुंदर सोनी, एल्डरमैन आरिफ खान, अनवर रजा, सुमित्रा महंत एवं निगम के इंजीनियर सुनील टांडे, सोमनाथ डहरे उपस्थित रहे।

# लूट के चार आरोपी को पकड़ने में दीपका पुलिस को मिली सफलता

-संवाददाता-
कोरबा,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)



दिनांक 24.07.2023 को थाना दीपका के प्रार्थी धीरज कुमार अग्रवाल द्वारा प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया गया कि , मै रंजना, सिरकी, तिवरता आदि जगहों से समान के पैसा कलेक्शन कर 147000 रूपये को अपने काले रंग के बैग में रख कर शाम 05/20 बजे लगभग तिवरता से दीपका अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी -12 एपी-5890 से जा रहा था कि रास्ते में तिवरता रोड कोसाबाडी के पास एक सफेद नीले रंग की स्कुटी में सवार तीन लड़के जबरन चाकु दिखा कर रुकवाये उसमें से दो लडके हाथ में चाकू रखे थे मुझे डराते हुये स्कुटी के सामने रखे वसुली की रकम 147000 हजार रूपये, हिसाब पर्ची, सैमसंग कंपनी का ए-50 मोबाईल फोन जिसमें जीओ कंपनी का सिम क्रमांक 982652646 एवं बीएसएनएल कंपनी का सिम क्रमांक 7587844808 को लुट कर भाग गये। लिखाया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ढ्ढ मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा उदय किरण के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिन्सन गुडिया के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी गणों की पता साजी हेतु लगाया गया के दौरान पता साजी मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी दीपका एवं टीम के द्वारा प्रकरण के आरोपी 01. राजपाल चौहान पिता पिताम्बर चौहान उम्र 20 सा0 जमनीमुडा 02. लोकेश उर्फ सोनु दास पिता डुमरदास उम्र 31 वर्ष सा॥0 टुटेलामुडा 03. अनिल कुमार जांगड़े पिता शिवचरण जांगड़े उम्र 24 साल सा0 तिवरता 04. मनसुखा देवार पिता पी सी लाल देवार उम्र 20 वर्ष सा0 थानखम्हरिया हामु बैरियर के पास पाली को दबिश देकर पकड़ कर पूछताछ किया गया जो अपने एक नाबालिग साथी के साथ उक्त घटना को घटित करना कबुल किये ढ्ढ आरोपीगणों से लुटे गये बैग एवं लुट की रकम शत प्रतिशत बरामद किया गया तथा लुट में प्रयुक्त चाकू,ब्लेड एवं एक एक्टिवा तथा एक स्प्लेंडर मोटर सायकल जप्त किया गया। 04 आरोपीगण को अप0 क्रमांक 250/23 धारा 392,34 भादवि0 के तहत गिरफ्तार किया गया तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया। आरोपी गणों के धडपकड में थाना प्रभारी दीपका श्री तेज कुमार यादव, सउनि जितेश चन्द्र सिंह, परमेश्वर सिंह राठौर, धनजंय सिंह नेटी, आर0 रवि मानिकपुरी , जगजीवन कंवर, अभिजीत पाण्डेय, शेख शहबान साइबर सेल से आर.वीरकेश्वर प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, रवि कुमार चौबे, डेमन ओगरे की सराहनीय भूमिका रही।

# कृषकों के पंजीयन कार्य का किया गया अवलोकन

-संवाददाता-
प्रतापुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)



आज दिनांक 4,8,23 को माँ महामाया शक्कर कारखाना के अध्यक्ष श्री विद्या सागर सिंह जी के द्वारा ग्राम पलढा के गन्ना कृषकों के साथ बैठक कर गन्ना पंजीयन कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया एवं पंजीयन करने वाले कर्मचारियों को कृषको की सुविधानुसार पंजीयन करने का निर्देश दिया गया जिससे खेती बाड़ी के इस बहुमूल्य समय में कृषको का समय नष्ट न हो साथ ही उन्नतशील प्रजातियों के विस्तार हेतु सुझाव देते हुए गन्ना बुवाई हेतु मिलने वाले अनुदान के सम्बन्ध में बताए । साथ ही गन्ना अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि अनुदान हेतु कोई भी किसान वंचित न रहे एव शरदकालीन गन्ना का रकबा बढ़वाएं । ग्रामवासियो के द्वारा सोलर पम्प के सुधार एव विद्युत् व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई , कारखाना अध्यक्ष द्वारा तत्काल पहल की गई । समस्त ग्रामवासियो द्वारा अध्यक्ष श्री विध्या सागर सिंह जी को धन्यवाद दिया गया।

# कृषि विभाग द्वारा जिले के उर्वरक,बीज एवं कीटनाशक दुकानों में अनियमितता पर की जा रही है कार्यवाही

-संवाददाता-
प्रतापुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)



खरीफ सीजन में धान की खेती जोरो पर है इसके साथ ही उर्वरक एवं कीटनाशकों की मांग बढ़ती जा रही है। जिले में उर्वरक एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार मिलावट या कमी नही हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा पूरी तरह से कठोर कार्यवाही की जा रही है। कृषि विभाग, कोरबा द्वारा किसानों को सही कीमत व उनके मांग अनुसार समय पर खाद उपलब्ध हो सके इसके सघन अभियान चलाया जा रहा है साथ ही सहकारी एवं निजी दुकानों में किसी भी प्रकार की अनियमितता जैसे-पी.ओ.एस. मशीन एवं भौतिक स्कंध, अमानक स्तर के खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा की बिक्री, गोदाम में उर्वरक, बीज भंडारण की स्थिति आदि प्रकार की अनियमितता पाये जाने के स्थिति में तत्काल विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए कारण बताओ नोटिस दिया जा रहा है। जिले के किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता का खाद बीज एवं कीटनाशक दवाएं प्राप्त हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह कड़ाई करते हुए लगातार सभी उर्वरक एवं बीज विक्रय केद्रों में निरीक्षण किया जा रहा है। सभी विक्रय केन्द्रो में निरीक्षण करते हुए समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बील बुक, लॉइसेंस के साथ पीओएस स्टॉक का निरीक्षण किया जा रहा है। अतः जिले के कुल 30 सहकारी एवं 28 निजी उर्वरक एवं बीज विक्रय केद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। जिसमें 09 निजी विक्रय केन्द्रो में अनियमिता पाये जाने पर स्पष्टीकरण (वि.ख.-करतला के मेसर्स पटेल खाद भंडार, ढोढ़ातराई, मेसर्स किसान क्लब, मेसर्स युवराज ट्रेडर्स वि.खं- पाली के मेसर्स गोस्वामी कृषि केन्द्र, मेसर्स किसान बीज भंडार, मेसर्स शिव खाद भंडार, मेसर्स नटवरलाल एण्ड संस पाली एवं विकासखंड-कोरबा के मेसर्स कबीर एग्रो में स्पष्टीकरण नोटिस दिये जाने के साथ-साथ जिले के मेसर्स जायसवाल खाद भंडार, पाली मे अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## रोजगार मेला का आयोजन 6 को

-संवाददाता-
अंबिकापुर,04 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, अम्बिकापुर एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 6 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक विभिन्न प्रकार के 400 से अधिक पदों हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया है कि रोजगार मेला में विभिन्न कम्पनियों के निजी नियोजक एस.बी.आई. लाईफ इन्शोरेन्स, फ्यूजन माईक्रो फाईनेंश लिमिटेड, सेल्फ इन्टेलिजेंस सिक्यूरिटी सर्विस,इस हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता दसवीं से लेकर स्नातक तथा वेतनमान 5000/- से 30000 /- तक निर्धारित किया गया है।

CMYK

# एंडी फ्लावर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पुरुष टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**बेंगलुरु,04 अगस्त 2023।** एंडी फ्लावर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले साल के संस्करण से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्लावर संजय बांगर की जगह लेंगे, जो 2023 आईपीएल तक फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच थे, जहां टीम चार सीज़न में पहली बार प्लेऑफ़ में प्रवेश करने में असमर्थ रही।

फ्रैंचाइज़ी ने यह भी पुष्टि की कि बांगड़ के अलावा, वे माइक हेसन के अनुबंध को नवीनीकृत नहीं कर रहे हैं, जो क्रिकेट संचालन के निदेशक थे, जो कि आंतरिक समीक्षा के हिस्से के रूप में टीम ने पिछले सीज़न के अंत के बाद लिया था।

आरसीबी के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने पर फ्लावर ने कहा, मैं माइक हेसन और संजय बांगड़ द्वारा किए गए काम को पहचानता हूं, जो दो कोच हैं जिनका मैं सम्मान करता हूं, और मैं आरसीबी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की चुनौती के लिए तत्पर हूं। मैं फाफ के साथ फिर से जुड़ने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं। हमने अतीत में एक साथ बहुत अच्छा काम किया है और मैं अपनी साझेदारी और रिश्ते को कुछ बड़ा और बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हूं।



फ्लावर ने कहा, हमारे पास काम करने के लिए खिलाड़ियों की एक रोमांचक सूची है, और मैं आरसीबी के साथ अद्भुत अवसर के साथ-साथ भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारी को भी पहचानता हूं और उसका आनंद लूंगा। यह एक बड़ी चुनौती है और मैं इसे शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

फ्लावर ने हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच के रूप में काम किया था, और टीम को आईपीएल 2022 और 2023 में प्लेऑफ़ तक पहुंचाया था, उनकी जगह यह भूमिका ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने ले ली थी।

फ्लावर ने कोचिंग सर्किट में अपना एक चमकता नाम बनाया है। उन्होंने इंग्लैंड को 2009 और 2013 में घरेलू सरजमीं पर और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया में एशेज जीत दिलाई। वह वेस्टइंडीज में 2010 पुरुष टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के मुख्य कोच भी थे।

2014 में इंग्लैंड के मुख्य कोच के रूप में पद छोड़ने के बाद, फ्लावर अगले पांच वर्षों के लिए इंग्लैंड के पाथवे सिस्टम में काम करने लगे। इसके बाद उन्होंने नव-निर्मित लखनऊ फ्रेंचाइजी में शामिल होने से पहले दो सीज़न के लिए आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए सहायक कोच के रूप में काम किया।

उन्होंने पिछले साल मेन्स हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स को खिताब दिलाने के अलावा, यूएई की आईएल टी20 प्रतियोगिता में विजयी हुए गल्फ जायंट्स के मुख्य कोच और इस साल की शुरुआत में मुल्तान सुल्तांस के पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) जीतने के अलावा मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।

उन्होंने दो बार कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के फाइनल में पहुंचने के लिए सेंट लूसिया किंग्स को भी कोचिंग दी। जून में, फ्लावर भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई शिविर में शामिल हुए और इंग्लैंड में हाल ही में समाप्त हुई एशेज में सलाहकार भूमिका में टीम के साथ थे।

2022 से टीम का हिस्सा रहे बांगड़ ने कहा, फ्रेंचाइज़ी के साथ मेरी यात्रा अविश्वसनीय रही है। इस उल्लेखनीय टीम के साथ काम करना और आरसीबी का हिस्सा होना एक पुरस्कृत अनुभव रहा है। मैं खिलाड़ियों, प्रबंधन को शुभकामनाएं देता हूं और पूरी आरसीबी टीम को शुभकामनाएं।

# स्टोक्स-मैकुलम ने पिछले साल ब्रॉड को संन्यास लेने से रोका था : एंडरसन

**लंदन ,04 अगस्त 2023।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया कि स्टुअर्ट ब्रॉड ने पिछले सीजन में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बारे में सोचा था, लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था।

टेस्ट में 604 विकेट के साथ, स्टुअर्ट ब्रॉड इस प्रारूप में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं और 600 से अधिक विकेट लेने वाले केवल दो तेज गेंदबाजों में से एक हैं। दूसरे तेज गेंदबाज एंडरसन हैं। ब्रॉड ने अगस्त 2006 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 121 एकदिवसीय मैचों में 178 विकेट और 56 टी20 में 65 विकेट लिए हैं।



एंडरसन ने कहा, तीसरे दिन के खेल के लिए टीम बस में चढ़ने से पहले स्टुअर्ट ने मुझे कॉफी पर अपने संन्यास के बारे में बताया। शुरू में मुझे थोड़ा झटका लगा। लेकिन उसकी बात सुनने के बाद मैंने उसका समर्थन किया। उसने मुझे बताया कि वो पिछले सीजन में भी इसके बारे में सोच रहा था, मगर स्टोक्स और मैकुलम ने उसे रोक लिया था।

एंडरसन ने द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में लिखा, हमने ओवल में पांचवें दिन बल्लेबाजी के लिए जाने की तस्वीर के बारे में बात की। यह निश्चित रूप से एक ऐसी तस्वीर है जिसे मैं अपने घर में लगाना चाहूंगा। ब्रॉड, जिन्होंने 2007 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, ओवल में अंतिम एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर 49 रन की जीत के बाद खेल के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे।

मैच में, उन्होंने आखिरी गेंद पर छक्का लगाया और अपने क्रिकेटिंग करियर की अंतिम गेंद पर एक विकेट लिया, जिसमें उनके एशेज 2023 में विकेटों की संख्या 22 विकेट थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह बहुत अच्छा है कि दोनों एक साथ क्रिकेट से बाहर नहीं हुए क्योंकि ब्रॉड अपनी विदाई के हकदार थे।

## दिल्ली कोर्ट ने मानहानि मामले में बजरंग पुनिया को भेजा समन




**नई दिल्ली ,04 अगस्त 2023।** दिल्ली की एक अदालत ने पहलवान बजरंग पुनिया को कुश्ती कोच नरेश दहिया द्वारा उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर 6 सितंबर को तलब किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ महिला पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान 10 मई को जंतर-मंतर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पुनिया ने अन्य पहलवानों/व्यक्तियों के साथ मिलकर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने कहा कि उनका मानना है कि मानहानि के सभी तत्व इस मामले में मौजूद हैं।

सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट ने कहा, शिकायत, सहायक दस्तावेजों और सम्मन पूर्व साक्ष्यों पर विचार करने के बाद, मेरा प्रथम दृष्टया विचार है कि मानहानि शिकायत सही है। उन्होंने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया गया बयान उचित नहीं था।

मजिस्ट्रेट ने कहा, इसे ध्यान में रखते हुए आरोपी बजरंग पुनिया को आईपीसी की धारा 499 के साथ धारा 500 (दोनों आपराधिक मानहानि से संबंधित) के साथ दंडनीय अपराध के लिए बुलाया जाए।

# लगातार विकेट खोने से मैच गंवाना पड़ा : हार्दिक पांड्या

**तरौबा ,04 अगस्त 2023।** भारत के टी20 कप्तान हार्दिक पांड्या ने पहले टी20 मैच में अपनी टीम के पिछड़ने और वेस्ट इंडीज से चार रन के करीबी अंतर से हार का कारण बीच के ओवरों में तेजी से विकेट गिरना बताया है। पांच मैचों की सीरीज का यह पहला मैच था।



मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए 20 ओवरों में 149/6 पर सिमट गई। भारत की ओर से खराब शुरुआत के बाद तिलक वर्मा (39) और हार्दिक पंड्या (19) और फिर संजू सैमसन (12) ने स्कोर 113/4 पर पहुंचाया। लेकिन भारत ने तीन गेंदों के भीतर 113 के स्कोर पर पांड्या और सैमसन दोनों को खो दिया और अंततः 20 ओवरों में 145/9 तक ही सीमित रह गया। पांड्या को जेसन होल्डर (2-19) ने बोल्ड किया जबकि सैमसन रन आउट हुए।

पांड्या ने कहा कि लगातार दो विकेट गंवाने से मैच में भारत की हार हुई। मैच के बाद पांड्या ने कहा, पूरे खेल के दौरान, हम नियंत्रण में थे। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि टी20 क्रिकेट में अगर आप विकेट खो देते हैं, तो लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता है। जब हमने (लगातार) कुछ विकेट खो दिए...तो हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी।

भारत के कप्तान ने कहा कि उनकी टीम ने गलतियां की जिसके कारण उन्हें मैच गंवाना पड़ा और पांच मैचों की श्रृंखला हार से शुरू हुई। सीरीज के आखिरी दो मैच संयुक्त राज्य अमेरिका के लॉडरहिल में खेले जाएंगे।

पांड्या ने कहा कि तीन स्पिनरों को शामिल करने का फैसला खेल की परिस्थितियों के कारण था। कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल के साथ भारत मैच में उतरा। अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार फ्रंटलाइन पेसर थे।

पांड्या ने कहा, तीन स्पिनरों को रखना परिस्थितियों के अनुरूप था। हम चाहते थे कि युजी और कुलदीप एक साथ खेलें और अक्षर बल्लेबाजी में रन बनाएं। मध्यम गति के गेंदबाज मुकेश का भारत के लिए पदार्पण करना शानदार था।

पांड्या मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा की बल्लेबाजी से भी खुश थे, जिन्होंने भारत के लिए अपने पदार्पण मैच में 22 गेंदों में 39 बनाकर शीर्ष स्कोर बनाया।

पांड्या ने मुंबई इंडियन के बल्लेबाज के बारे में कहा, तिलक ने जिस तरह से अपनी पारी की शुरुआत की, उसे देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने अपने टी20 करियर की शुरुआत दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर की थी।

# फ्लेमेंगो के ब्राजीलियाई स्ट्राइकर पेड्रो बेनफिका के रडार पर

**रियो डी जेनेरो ,04 अगस्त 2023।** दक्षिण अमेरिकी देश में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर पेड्रो सांतोस आगामी यूरोपीय सीज़न से पहले बेनफिका में शामिल हो सकते हैं।



पुर्तगाली दिग्गज 26 वर्षीय को गोंकालो रामोस के आदर्श प्रतिस्थापन के रूप में देखते हैं, जिनके पेरिस सेंट-जर्मेन से एक प्रस्ताव स्वीकार करने की उम्मीद है।

इसमें कहा गया है कि बेनफिका रिवर प्लेट के स्ट्राइकर लुकास बेल्ट्रान को शामिल करने पर भी विचार कर रही है। पेड्रो के पास अपने फ्लेमेंगो अनुबंध को जारी रखने के लिए चार साल से अधिक का समय है, लेकिन कथित तौर पर उसने अपने करीबी दोस्तों और परिवार को बताया है कि वह शीर्ष ब्राजीलियाई क्लब को छोड़ना चाहता है।26 वर्षीय खिलाड़ी को इस सीज़न में पहली टीम के अवसरों के लिए संघर्ष करना पड़ा है और पिछले सप्ताहांत वह विवाद का केंद्र था जब वह फ्लेमेंगो के सहायक कोच पाब्लो फर्नांडीज के साथ शारीरिक विवाद में शामिल था। फर्नांडीज को क्लब ने बर्खास्त कर दिया था।जनवरी 2021 में फियोरेंटीना से रियो डी जेनेरो क्लब में शामिल होने के बाद से पेड्रो ने फ्लेमेंगो के लिए 192 मैचों में 93 गोल किए हैं। यूरोपीय ट्रांसफर विंडो 1 सितंबर तक खुली है।

# जमशेदपुर एफसी ने मोहम्मद सनन के साथ 3 साल का किया करार

**जमशेदपुर ,04 अगस्त 2023।** जमशेदपुर एफसी ने रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स टीम से युवा फॉरवर्ड मोहम्मद सनन के साथ तीन साल का करार किया। मोहम्मद सनन मैदान पर काफी एक्टिव और स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी है, जो मौके बनाने और गोल करने में सक्षम है। वह 2016 में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स (आरएफवाईसी) में शामिल हुए और तब से क्लब के साथ हैं। 19 वर्षीय ये खिलाड़ी केरल का रहने वाला है और उसके पास प्रभावशाली ड्रिब्लिंग क्षमता है। उसने कड़ी मेहनत करके और अपनी तकनीक को बेहतर बनाने के लिए काफी मेहनत की है।




जमशेदपुर एफसी के अनुसार, फारवर्ड दोनों पैरों से प्रतिभाशाली है और अपनी शूटिंग और गोल के सामने फिनिशिंग में कुशल है।

सनन ने कहा, जमशेदपुर एफसी का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) के गौरवशाली इतिहास के कारण यह क्लब देश में युवा फुटबॉल के लिए शिखर है और मेरा मानना है कि यह आगे बढ़ने के लिए एक आदर्श कदम होगा। मैं इस सीज़न में जितना संभव हो उतना सीखने और टीम की मदद करने के लिए उत्सुक हूं।आरएफवाईसी ने कहा, हमें सनन के साथ अनुबंध करने पर खुशी है। हमें यकीन है कि वह 2023-24 सीजन से पहले जमशेदपुर एफसी जैसे क्लब के साथ रहकर अपने कौशल और क्षमता को और बढ़ाएंगे। हमें उनकी उपलब्धि पर गर्व है और हम कामना करते हैं कि वह आगे भी कई बड़े मुकाम हासिल करें।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने कहा, सनन बहुत अच्छा युवा खिलाड़ी है, जिसे समझारी से विकसित करने और आगे लाने की जरूरत है। हम उनके कुछ बेहतरीन तकनीकी क्षमता देख सकते हैं और अब हमारा काम उसे निखारना है।

# मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली ,04 अगस्त 2023।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे उनके उतार चढ़ाव वाले करियर का समापन हुआ।



तिवारी ने 2008 और 2015 के बीच में 12 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

उन्होंने सक्रिय क्रिकेटर रहते हुए राजनीति में प्रवेश किया और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कैबिनेट में खेल एवं युवा मामलों के राज्य मंत्री बने। लेकिन 2022-23 घरेलू सत्र में इस 37 साल के खिलाड़ी ने बंगाल की ओर से खेलने के लिए वापसी की और टीम को फाइनल तक पहुंचाया जिसमें उन्हें ईडन गार्डन्स में सौराष्ट्र से हार का सामना करना पड़ा। यह तिवारी का अंतिम प्रथम श्रेणी मैच था। तिवारी ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ''क्रिकेट खेल को गुडबॉय।''

उन्होंने लिखा, ''इस खेल ने मुझे सबकुछ दिया, मेरा मतलब है कि वो हर चीज जिसका मैंने कभी सपना भी नहीं देखा था। इसकी शुरुआत ऐसे समय से हुई जब मेरी जिंदगी में विभिन्न तरह की चुनौतियां थीं।'' तिवारी ने लिखा, ''मैं हमेशा इस खेल का और भगवान का आभारी रहूंगा जो हमेशा मेरे साथ रहे हैं।'' इस बायें हाथ के बल्लेबाज ने 12 वनडे में 287 रन बनाये जिसमें दिसंबर 2011 में चेन्नई में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाया गया शतक भी शामिल है।

# नंदमुरी कल्याण राम की डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट हिंदी में होगी रिलीज,पहली झलक जारी




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नंदमुरी कल्याण राम पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी संयुक्ता मेनन के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। ताजा जानकारी यह है कि डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट तमिल भाषा के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज होगी।निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक साझा की है, जिसमें नंदमुरी धांसू एक्शन करते नजर आ रहे हैं।

डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट से नंदमुरी का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है।फिल्म का निर्देशन नवीन मेदाराम द्वारा किया जा रहा है, जबकि अभिषेक नामा इसके निर्माता हैं। सुनील शाह और राजा सुब्रमण्यन डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट के सह-निर्माता हैं।फिल्म की कहानी श्रीकांत विसा ने लिखी है। इसमें हर्षवर्द्धन रमेश्वर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।बता दें, नंदमुरी बाला गोपालुडु, बिम्बिसार और हरे राम जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखा चुके हैं।

झलक में डेविल नाम के क्रूर और चतुर एजेंट को ठोस प्रत्याशा के साथ पेश किया गया है। स्वतंत्रता-पूर्व युग में डेविल नामक एक ब्रिटिश एजेंट था। नंदामुरी कल्याण राम सुंदर दिखते हैं और एक अच्छा एजेंट कैसा होना चाहिए, इस पर चर्चा करते हैं। कल्याण राम एक गुप्त एजेंट की तरह दिखते हैं और हम केवल चरित्र को ही समझ सकते हैं, अभिनेता को नहीं। कैमरा वर्क और बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ उत्पादन मूल्य ऊंचे हैं। झलक में संयुक्ता मेनन भी दिख रही हैं, जो बेहद खूबसूरत हैं। शैतान की कार्रवाई, रोमांस और एक गहरे रहस्य को सुलझाने का मिशन निश्चित रूप से स्तर को ऊपर उठाता है। देवांश नामा द्वारा प्रस्तुत, अभिषेक नामा अभिषेक पिक्चर्स के बैनर तले इस पीरियड ड्रामा का निर्माण कर रहे हैं। डेविल को तेलुगु, हिंदी, तमिल और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा।


## लहंगे और डीप नेक ब्लाउज में सारा अली खान ने लगाया हॉटनेस का तड़का



फिल्म डेब्यू से पहले ही दुनिया भर में सारा अली खान के चर्चे थे। एक्टिंग डेब्यू के बाद तो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर तहलका ही मचा दिया। सारा अली खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और अक्सर अपने लुक्स से फैंस को दीवाना बनाती नजर आती हैं। सारा ने हाल ही में अपने कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिनमें उनका देसी लुक देखने के बाद फैंस अपना होश खो बैठे हैं। वैसे तो पटौदी खानदान की बेटी सारा अली खान अपनी खूबसूरती के साथ-साथ नेचुरल ब्यूटी के लिए दुनिया भर में मशहूर है। सारा अली खान ने हाल ही में लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिनमें वो काफी खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। सारा अली खान के देसी लुक और किलर अदाओं को देखने वालों के होश तक उड़ गए और उनके फैंस अपना होश तक खो बैठे। इंडियन काउचर वीक 2023 के रैंप पर एक्ट्रेस सारा अली खान ने लहंगे और डीप नेक ब्लाउज में हॉटनेस का तड़का लगाया। सारा अली खान के इस देसी लुक को देखने के बाद फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। पीच-सिल्वर कलर के लहंगे और डीप नेक बलाउज में सारा अली खान बला की खूबसूरत लग रही थीं। इंस्टाग्राम पर सारा अली खान की ये तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर छा गई, जिन पर फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे है। इंडियन काउचर वीक के रैंप पर सारा अली खान का हुस्न देख ऐसा लगा मानों चांद जमीन पर उतर आया हो।सारा ने लहंगे के साथ डीप नेक ब्लाउज कैरी किया था, जो उनके लुक को और भी डिसेंट और हॉट बना रहा था। इन तस्वीरों में सारा अली खान अपनी पती कमर और कर्वी फिगर को जमकर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं।

# जेलर का ट्रेलर जारी,72 की उम्र में दिखा रजनीकांत का स्वैग

सिने उद्योग के सुपर सितारे रजनीकांत उम्र के 72वें पडाव पर भी बतौर नायक आकर अपने दर्शकों और प्रशंसकों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म जेलर है जिसे पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किया जा रहा है। यह फिल्म इस महीने की 10 तारीख को प्रदर्शित होने जा रही है। निर्माता निर्देशक तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में इसे प्रदर्शित कर रहे हैं। इसके चलते हिन्दी भाषी क्षेत्रों में इसका गदर-2 और ओएमजी-2 से मुकाबला होगा। थलाइवा का स्वैग फैंस के दिलों पर जादू करने वाला है। इससे पहले निर्माता-निर्देशक ने सुपरस्टार रजनीकांत और तमन्ना भाटिया स्टारर अपकमिंग मूवी जेलर का धांसू ट्रेलर रिलीज कर दिया है। जो धुआंधार एक्शन और जबरदस्त डायलॉग्स से लबरेज है। सामने आए मूवी के ट्रेलर में थलाइवा का जादू फैंस के दिलों पर चढ़ता दिखा। अपनी अगली मूवी जेलर में रजनीकांत टाइगर मुथुवेल पांडियन नाम के जेलर का किरदार निभाते दिख रहे हैं। जो परिवार के लिए विनम्र और सिंपल है। लेकिन दुश्मनों के लिए किसी खूंखार टाइगर से कम नहीं हैं। इस ट्रेलर में जितना जबरदस्त रजनीकांत का स्वैग लगा है। उतने ही खतरनाक बॉलीवुड स्टार जैकी श्रॉफ लगे हैं। जो फिल्म में मेन विलेन के रोल में हैं। ट्रेलर से गायब दिखीं तमन्ना भाटिया सामने आए ट्रेलर में अदाकारा तमन्ना भाटिया की झलक नहीं दिखी है। रिलीज हुए ट्रेलर में अदाकारा राम्या कृष्णन रजनीकांत की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं। जबकि, जैकी श्रॉफ खूंखार विलेन के रोल में दिखे हैं। इसके अलावा मूवी में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल में नजर आई। साथ ही दिग्गज स्टार सुनील, शिवा राजकुमार और योगी बाबू जैसे सितारे भी हैं। अदाकारा तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया मूवी का गाना कावल्ला भी हिट रहा है। बता दें कि मेकर्स इस मूवी को 10 अगस्त के दिन रिलीज करने वाले हैं। ट्रेलर को मूवी रिलीज से सिर्फ 1 हफ्ते पहले ही रिलीज किया गया है। ऐसे में ये मूवी लेट प्रमोशन की वजह से भी चर्चा में रही है। थलाइवा रजनीकांत का क्रेज तो तमिल सिने प्रेमियों के सिर पर चढ़कर बोलता ही है। ऐसे में अभी से ही दावा किया जा रहा है कि ये मूवी थियेटर्स पर ब्लॉकबस्टर रहेगी। इस फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार ने किया है। जिनकी पिछली रिलीज मूवी बीस्ट थियेटर्स पर खास नहीं चली थी। अन्नाथे के बाद ये रजनीकांत की अगली पैन इंडिया रिलीज मूवी है। जिसे निर्माता-निर्देशक तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज करेंगे।



# भाजपा का चुनावी ब्लू प्रिंट तैयार करने आ रहे 90 विधायक

» **संभालेंगे हर सीट का प्रबंधन,कांग्रेस ने कहा हर फार्मूला फेल**

**रायपुर,04अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में कुछ ही महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुटी हुई है। वहीं भाजपा की चुनावी तैयारी भी तेज हो गई है। भाजपा का चुनावी ब्लू प्रिंट तैयार करने के लिए गुजरात और महाराष्ट्र के 90 विधायक छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। ये विधायक प्रदेश की एक-एक सीट का प्रबंधन संभालेंगे। इसके पीछे भाजपा चुनाव में बेहतर मेलजोल का तर्क दे रही है। वहीं दूसरी ओर इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसा है। कांग्रेस चुनाव में भाजपा का हर फार्मूला फेल होने की बात कह रही है।

### विधायकों को चुनाव लड़ने का अनुभव : केदार गुप्ता

भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने विधायकों के प्रदेश दौरे को लेकर कहा कि, बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हम 2 सांसदों से यहां तक पहुंचे हैं। पूरे देश की भाजपा मिलजुलकर कार्य करती है, यह सीधा संदेश है। हमारे पड़ोसी राज्यों से, चाहे वह कार्यकर्ता हो या विधायक, यहां पर चुनाव के लिए सहयोग करने आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा चुस्त-दुरुस्त तरीके से संगठनात्मक स्तर पर सक्रियता के साथ छत्तीसगढ़ में आगे बढ़ रही है। विधायकों को चुनाव लड़ने का अनुभव होता है। भाजपा के विचारों से वह अच्छे से वाकिफ हैं। इस चुनाव में एक अच्छा मेलजोल होगा।




### चुनाव आ रहा इसलिए भाजपा को जनता की सूझ रही : विकास उपाध्याय

वहीं कांग्रेस विधायक व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने महाराष्ट्र-गुजरात के विधायकों के छत्तीसगढ़ में मोर्चा संभालने पर कहा कि, भाजपा को अब मतलब है, इसीलिए फोकस करेगी। इस प्रदेश की जनता उन्हें 15 साल बहुमत दिया। जब जनता को जरूरत थी, तब घर में बैठकर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करते रहे। कोरोना काल में भाजपा का कोई नेता नजर नहीं आया। अब जब चुनाव आ रहा तो इन्हें जनता की सूझ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अलग-अलग प्रदेश से फार्मूला अपनाने का काम कर रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता का तोड़ नहीं निकाल पा रहे हैं। जनता के बीच भाजपा का विश्वास खत्म हो चुका है, इसलिए अलग-अलग प्रयोग कर रहे हैं। साढ़े चार साल में हमारी सरकार ने काम किया है। उसके सामने सब नाकामयाब हो जाएंगे। भाजपा का हर फार्मूला फेल हो जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा ने दहाई का आंकड़ा भी छुआ तो उनके लिए होगी बड़ी जीत : मंत्री रविंद्र चौबे

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ बयान बाजी का सिलसिला भी लगातार जारी है। प्रदेश में कांग्रेस और बीजेपी आमने-सामने है। दोनों पार्टी अपनी जीत का दावा कर रहे है। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री औरकांग्रेस के दिग्गज नेता रविंद्र चौबे ने ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के लोगों ने दावा किया था कि वे 65+ सीटें जीत रहे हैं, लेकिन उनका दावा फेल हो गया और हम 68 सीटें जीते। इस बार के चुनाव में भाजपा अगर दहाई का आंकड़ा भी छू ले तो उनके लिए ये बड़ी जीत होगी। मंत्री चौबे ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि, चाणक्य अमित शाह का गणित फेल हो गया है।

### मतदाताओं से मांगे सुझाव

मतदाताओं से मांगे सुझाव मिशन 2023 में जुटी छत्तीसगढ़ भाजपा पहले 90 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से सुझाव पेटी के जरिए सुझाव लेगी, इसके बाद घोषणा पत्र तैयार करेगी। गुरुवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में भाजपा ने घोषणा पत्र सुझाव अभियान छत्तीसगढ़िया मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत की। जिलाध्यक्षों को सुझाव पेटिका वितरित की गई। इन्हीं पेटियों में मतदाताओं के सुझाव बंद होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी 6 अगस्त को देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की रखेंगे आधारशिला

**बिलासपुर, ,04अगस्त 2023 (ए)।** मोदी सरकार देशभर में रेलवे स्टेशनों का कायकल्प करना चाहती है। सरकार का उद्देश्य रेलवे स्टेशन को स्मार्ट बनाकर शहर को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। एक ऐतिहासिक पहल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते रहे हैं। यह देखते हुए कि रेलवे देशभर में लोगों के परिवहन का पसंदीदा साधन है, उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया है। इस दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश भर में 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई थी।



इस योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी जा रही है. 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इन स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के 9 स्टेशन इन योजना में सम्मिलित हैं। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग के साथ साथ अकलतरा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा-नेवरा, गोंदिया, वडसा एवं चांदाफोर्ट स्टेशनों में व्यापक प्रस्तावित विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

स्टेशनों के पुनर्विकास से जुड़े कामों के पूरा होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिला करेंगी। अभी इन स्टेशनों पर सभी मूलभूत सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन इस योजना के बाद में स्टेशनों में व्यापक यात्री सुविधाओं का विस्तार हो जाएगा। पुनर्विकास के बाद बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशन हाईटेक यात्री सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेंगे. यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

# आईएएस रानू साहू 18 तक न्यायिक रिमांड पर

**रायपुर,04अगस्त2023 (ए)।** कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग में प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजी गई आईएएस ऑफिसर रानू साहू को विशेष अदालत में आज भी नहीं दी बेल। आईएएस रानू साहू की मुश्किलें एक फिर बढ़ गई हैं। रिमांड पूरी होने के बाद शुक्रवार को ईडी ने रानू साहू को एक बार फिर कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद विशेष न्यायालय ने रानू साहू की जुडिशल रिमांड 18 तक बढ़ा दी है। अब रानू साहू 18 अगस्त तक रिमांड पर रहेंगी। वहीं सुनवाई के दौरान आज रानू साहू के वकील द्वारा जमानत आवेदन पर बहस की गई और कल ईडी द्वारा इस पर जवाब दिया जाएगा। जिसके बाद रानू साहू की रिमांड बढ़ा दी गई है, कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुई रानू साहू 18 अगस्त न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



विदित हो कि विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत के आदेश पर 25 जुलाई को आईएएस रानू साहू को 4 अगस्त तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था। आज सेकेंड हाफ में रानू साहू की जमानत पर दलील सुनने के बाद स्पेशल मजिस्ट्रेट अजय सिंह राजपूत ने बेल देने से इंकार करते हुए पुनः न्यायायिक अभिरक्षा में रायपुर सेन्ट्रल जेल भेजने का आदेश दिया।

# बृजमोहन अग्रवाल बोले-एक गाय पर 40 लाख खर्च करना क्या यही गोठान मॉडल है?



**रायपुर,04अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को गोठान मामले को लेकर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि, सरकार ने 10 हजार 240 गोठान का निर्माण किया है। एक गाय पर 40 लाख खर्च करना क्या यही गोठान मॉडल है? लावारिस गायों की संख्या 3030 है। एक गाय के पीछे 3 चरवाहे हैं। गोठान खाली पड़े हैं, गाय सड़कों पर है। गोठान भ्रष्टाचार का स्मारक बन गया है। गोठानों के लिए सरकारी मद से क्या खर्च किया गया है, ये सरकार को बताना चाहिए।

### अगर मर्दानगी है तो भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजें

पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि, केंद्र सरकार के विभिन्न मद का इस योजना के तहत दुरुपयोग किया गया है। इसकी शिकायत केंद्र सरकार से की है और करेंगे। 1382 गाय गोठानों में और 887 गायों की एक्सीडेंट में मृत्यु हुई है। उन्होंने सीएम के भाजपा नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने पर कहा कि अगर मर्दानगी है तो हमारे भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजें।

### कांग्रेस झूठ बोलने में माहिर

बृजमोहन ने कहा कि, पूरे प्रदेश में रोका छेका के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। भाजपा ने घोटालों की पोल खोलने का कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम के माध्यम से यह बात सामने आई कि गोठान भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं। 1335 करोड़ कहां खर्च हुए। कांग्रेस झूठ बोलने में माहिर हो गए हैं। सरकार से मांग है कि बारिश में गो माता बाहर बैठी है, उन्हें छत दें।

# बिलासा एयरपोर्ट के लिए सेना से जमीन वापस लेने राज्य सरकार ने केंद्र को दिए 90 करोड़

**बिलासपुर, ,04अगस्त 2023 (ए)।**छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के बिलासा देवी केंवटीन एयरपोर्ट के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने सेना की जमीन वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। दरअसल, जमीन के एवज में रक्षा मंत्रालय को 90 करोड़ रुपए मुआवजा दे दिया गया है। अब केंद्र सरकार से जमीन वापसी के लिए औपचारिक सहमति देना बाकी है, जिसके बाद एयरपोर्ट का विकास 4 सी कैटेगरी के लिए होगा।

वहीं, बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में चल रहे काम का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को नए कलेक्टर एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने कैबिनेट में सेना की जमीन वापसी का प्रस्ताव पास कर दिया है। इसके बाद जमीन की मुआवजा राशि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय को भेज दी है। कलेक्टर ने एयरपोर्ट में चल रहे टर्मिनल बिल्डिंग के काम का जायजा लिया और अफसरों से जानकारी लेकर निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर संजीव झा नोडल ऑफिसर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से एयरपोर्ट में अब तक हुए काम और निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। जांच के दौरान कलेक्टर झा ने पीडब्ल्यूडी के अफसरों और ठेकेदार को एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा रन-वे के पास निर्माणाधीन आइसोलेशन-बे को भी जल्द पूरा करने कहा। अफसरों ने उन्हें बताया कि एयरपोर्ट का 3 सीबीएफआर से 3 सीआईएफआर कैटेगरी में उन्नयन किया जा रहा है, जिसके बाद एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो सकेगी। सेना से जमीन मिलने के बाद एयरपोर्ट में रन-वे की लंबाई का काम शुरू हो सकेगा। कलेक्टर ने रन-वे के लिए अतिरिक्त जमीन और फेंसिंग का भी निरीक्षण किया।

### एयरपोर्ट को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में फॉल सिलिंग, टेनसाइल क्लाथ का शेड, पेवर ब्लॉक का पाथ वे, एसी और लाइटिंग के काम को देखकर उन्होंने संतुष्टि जताई। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग के लिए सीसीआर रूम के निर्माण का जायजा लिया। उन्हें बताया गया कि यहां इलेक्ट्रॉनिक पैनल स्थापित किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ की बेटी ने किया देश का नाम रोशन



### दुर्गा ने दुबई में जीता गोल्ड मेडल

**राजिम,04 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा के पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ की बेटी दुर्गा चंद्राकर ने प्रदेश ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन किया है। दरअसल, दुबई में आयोजित 8वीं संयुक्त भारतीय खेल ओपन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में दुर्गा ने गोल्ड मेडल जीता है। केन्या, फिलीपींस, दुबई, थाइलैंड, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को मात देकर दुर्गा ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।उल्लेखनीय है कि, दुबई में 8वीं संयुक्त भारतीय खेल ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप टूर्नामेंट 1 अगस्त से 6 अगस्त तक आयोजित है। इसमें केन्या, भारत, फिलीपींस, दुबई, थाइलैंड, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और पाकिस्तान ने भाग लिया है। इसमें छत्तीसगढ़ के छुरा नगर से दुर्गा चंद्राकर ने भी बॉक्सिंग चैंपियनशिप टूर्नामेंट में 50 किलोग्राम ग्राम वर्ग फ्री स्टाइल में भाग लेकर फिलीपींस की जॉर्जी, केन्या के मेई और दुबई की अल्फलिस्ता को हराकर फाइनल में पहुंची और श्रीलंका की मैरी थमसन को को एकतरफा हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

# सीएम भूपेश ने की घोषणा : सीएसवीटीयू में बनाया जाएगा सेंटर आफ एक्सीलेंस

## 15 करोड़ की लागत से बनने वाली यूनिट में स्टार्टअप इकाइयों के प्रमोशन की होगी सुविधा

**रायपुर,04 अगस्त 202(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संभागीय मुख्यालयों में युवाओं से भेंट-मुलाकात का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सीएम बघेल शुक्रवार को दुर्ग संभाग के युवाओं से भेंट-मुलाकात के लिए भिलाई सेक्टर-6 के जयंती स्टेडियम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर, राज गीत के साथ युवाओं से भेंटङ्कमुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। सीएम के आगमन के साथ ही युवाओं का जोश दोगुना हो गया है। धुमाल और बैंड परफॉर्मेंस की धुन में उत्साहित युवाओं के ÷कका कका÷ के नारे से जयंती स्टेडियम गूंज उठा।

मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी और दुर्ग जिले के युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागी भी शामिल हुए। यहां करीब पांच हजार युवाओं के बैठने की व्यवस्था बनाई गई है। मंच पर दो एलईडी स्क्रीन और पंडाल पर चार एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई।

छात्रावास में रहने वाले छात्रों पर केंद्र सरकार यदि जीएसटी वापस नहीं लेती है तो राज्य सरकार करेगी वहन

भेंट मुलाकात के दौरान सीएम भूपेश ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि, स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंटस की स्थापना की जाएगी। साथ ही 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस संस्थान में स्टार्टअप यूनिट्स के लिए जगह भी होगी और लैब भी होगा। उन्होंने कहा कि अभी बैंगलोर जीएसटी प्राधिकरण ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। इस निर्णय को वापस लेने का अनुरोध हमने भारत सरकार से किया है। यह निर्णय यदि वापस नहीं होता तो इस राशि का वहन छत्तीसगढ़ सरकार करेगी, लेकिन बच्चों पर अतिरिक्त भार नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सभी वर्गोके हितों से संबंधित किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने पौने दो लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डाले। इससे बाजार में पैसा आया और छत्तीसगढ़ मंदी से दूर रहा। हमने उद्यानिकी विश्वविद्यालय आरंभ किया और मेडिकल कालेज भी खोले हैं। हमने 112 करोड़ रुपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। 300 रीपा बनवाया है।



1186 करोड़ रुपए की राशि से 36 आईटीआई का उन्नयन कर रहे हैं। इससे दस हजार पद सृजित होंगे। जहां जहां भेंट मुलाकात होती है मुझसे लोग स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और सहकारी बैंक की मांग होती है। इंग्लिश मीडियम स्कूलों की जरूरत थी और कालेजों की भी। हमने दस इंग्लिश मीडियम कालेज आरंभ किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी परंपरा को सहेजने की दिशा में भी हमने कार्य किया है। इस मौके पर गृह मंत्री और कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, उच्च शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, वरिष्ठ विधायक अरूण वोरा, विधायक देवेन्द्र यादव, संगीता सिन्हा, छन्नि साहू, छत्तीसगढ़ विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में युवा छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

इतनी वैकेंसी निकाली कि मुझे पोस्ट आने लगे कि अतेक उत्ता, धुर्रा वैकेंसी मत निकाल कका, तैयारी करे बर समय दे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 41 हजार पदों पर वैकेंसी निकाली है। रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। यहां तक कि कोई कोई युवक मेरे पोस्ट पर कमेंट भी करते हैं कि अतेक ऊत्ता-धुर्रा वैकेंसी मत निकाल कका, अभी मोर तैयारी नइ होय हे। अंकित ने यह प्रश्न पूछा था कि कृषि विभाग में पोस्ट जल्द निकाल दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही निकालेंगे। सुनील सिल्हारे ने कहा कि संगीत के टीचर की नियुक्ति कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इंदिरा संगीत एवम कला विश्वविद्यालय में महाविद्यालय नहीं थे। अब यहां से संबद्ध 5 महाविद्यालय हो गए हैं इससे संगीत प्राध्यापकों की नियुक्ति की राह भी खुल गई है। विमल सोनी ने कहा कि कांस्टेबल की नियुक्ति भी शीघ्र कराइये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी पुलिस विभाग में अन्य पदों की नियुक्ति चल रही है जैसे ही यह पूरी होती है हम कांस्टेबल में भर्ती प्रक्रिया आरंभ करा देंगे।

### स्टाइपेंड बढ़ाने पर हो रहा विचार

नर्सिंग की एक छात्रा संजना ने स्टाइपेंड बढ़ोत्तरी की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर पहले ही विचार चल रहा है। हम इसे पक्का बढ़ा देंगे। आरती देशमुख ने कहा कि पालीटेक्निक में स्कोप तब बढ़ेगा जब यहां साफ्टवेयर कंपनियां आएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर काम चल रहा है। जल्द ही आपको अच्छी सूचना मिलेगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)